mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-11 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

सतना

11 जनवरी 2025 शनिवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित





रबाडा को डब्ल्यूटीसी... @ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में हमला, आतंकियों ने पुलिस चौकी से बंदूकें, गोला-बारूद और वायरलेस लूट लिया


**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने हमला किया है। हथियारों से लैस आतंकियों ने पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक पुलिस चौकी पर हमला किया है। हमले को अंजाम देने के बाद घटनास्थल से भागने से पहले आतंकियों ने पास के एक सीमेंट



कारखाने की मशीनरी और उपकरणों में आग लगा दी। अधिकारियों ने इस आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी है। यह घटना बृहस्पतिवार को मस्तुंग शहर में घटी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमला उस समय हुआ जब पुलिस चौकी पर सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी बदल रही थी। हथियारों से लैस आतंकियों ने पुलिस से बंदूकें, गोला-बारूद, वायरलेस सेट, मोटरसाइकिलें छीन लीं और सीमेंट कारखाने में उपकरणों में आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही आतंकी भाग निकले। सूत्रों ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को संदिग्ध रूप से प्रतिबंधित समूहों के सदस्यों ने खुजदार में भी इसी तरह का हमला किया था, जो बलूचिस्तान प्रांत के सुदूर इलाके में स्थित है।

### जापान ने रूस के खिलाफ लगाये नए प्रतिबंध

**तोक्यो (एजेंसी)।** जापान ने यूक्रेन के खिलाफ जंग को लेकर रूस के खिलाफ शुक्रवार को अतिरिक्त प्रतिबंधों को मंजूरी दे दी, जिनमें दर्जनों व्यक्तियों और समूहों की संपत्तियों पर रोक लगाना



शामिल है। इसके साथ ही रूस समेत कई अन्य देशों के दर्जनों संगठनों को निर्यात किए जाने पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। यह प्रतिबंध रूस को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने में उसकी मदद करने वालों पर लगाए गए हैं। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने शुक्रवार को कैबिनेट को बताया कि अतिरिक्त प्रतिबंध यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण उसके खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करने के %जी-7% के प्रयास के प्रति जापान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जापान ने पहले भी कई बार प्रतिबंध लगाए हैं। नवीनतम कदम प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा द्वारा दिसंबर के मध्य में %जी-7' ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में देश की नीति की पुष्टि करने के एक महीने बाद उठाया गया है। हयाशी ने कहा, ÷यह वैश्विक शांति प्राप्त करने और रूसी आक्रमण के कारण यूक्रेन से जुड़ी समस्याओं के हल की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में जापान का योगदान है।÷ जापान ने उन व्यक्तियों, संगठनों और बैंकों की एक सूची बनाई है, जिनकी संपत्तियों पर रोक (फ्रीज) लगाई जाएगी। इस सूची में 11 व्यक्ति, 29 संगठन और तीन रूसी बैंक शामिल हैं। इसके अलावा उत्तर कोरिया और जॉर्जिया के एक-एक बैंक भी सूची में शामिल हैं।

## भोपाल में बड़ा हादसा, कॉलेज बस को ट्रक ने मारी टक्कर, छात्र की मौत



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के राजधानी भोपाल में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें एक छात्र की मौत हो गई है जबकि दो प्रोफेसर सहित 35 छात्र घायल हुए हैं। आउटर भोपाल के भौंरी बाइपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने कॉलेज बस में पीछे से टक्कर मार दी थी। टक्कर के बाद वह बस को दूर तक घसीटते ले गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के पिछले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ा और छात्रों को बस से निकालना शुरू किया। इसी बीच पुलिस को भी जानकारी दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। हादसा दोपहर 2 बजे हुआ। सभी छात्र-छात्राएं पीपुल्स स्कूल ऑफ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी के इजीनियरिंग के छात्र हैं। सभी छात्र आईसर कंपनी के प्लांट पर विजिट के लिए गए थे। हादसे में 6 बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल डॉक्टर्स की टीम बच्चों का इलाज करने में जुटी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिस वक्त छात्र-छात्राएं विजिट से वापस लौट रहे थे उसी वक्त बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। बिरसिंहपुर पाली के रहने वाले छात्र विनीत साहू की हादसे के बाद मौत हो गई है। उसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल ले जाया गया था। वहीं छात्र विमल यादव और छात्र शिवम लोधी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

### सरकार ने सर्दी की छुट्टियों को 15 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया

# कड़ाके की ठंड के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर में बंद रहेंगी स्कूल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. साथ ही कोहरे और ठंडी हवाओं ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है. ऐसे में सबसे ज्यादा चिंता उन अभिभावकों को रहती है, जिनके बच्चे छोटे हैं. भीषण सर्दी के कारण फिलहाल देश के कुछ राज्यों में स्कूल बंद है. हालांकि कुछ राज्यों में स्कूल खुल चुके हैं या अगले कुछ दिनों में स्कूल खुलने वाले हैं. आइये जानते हैं कि दिल्ली-एनसीआर के इलाके में स्कूल कब तक बंद रहने वाले हैं।



दिल्ली में पढ़ने वाले छात्र हर साल भीषण सर्दी के साथ ही प्रदूषण की दोहरी मार झेलते हैं. इस बार 9 जनवरी को दिल्ली के स्कूल खोल दिए गए थे. हालांकि सर्दी के तीखे तेवरों के मद्देनजर सरकार ने शीतकालीन अवकाश बढ़ाने का ऐलान किया है. सरकार ने सर्दी की छुट्टियों को 15 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है और अब 16 जनवरी को स्कूलों को खोला जाएगा। नोएडा में कड़ाके की सर्दी और जबरदस्त कोहरे के बाद छुट्टी की घोषणा की गई थी. गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी ने आठवीं तक के सभी स्कूलों में 3 जनवरी से अगले आदेशों तक छुट्टी का आदेश जारी किया था. वहीं उत्तर प्रदेश के ज्यादातर स्कूलों में 11 जनवरी तक का अवकाश घोषित किया गया था. हालांकि अब ज्यादातर स्कूल मकर संक्रांति के बाद 15 जनवरी को ही खुलेंगे.

सर्दी के कारण गाजियाबाद के स्कूल बंद हैं. गाजियाबाद प्रशासन ने स्कूलों में सर्दी की छुट्टियों में इजाफा किया है. इसके बाद अब गाजियाबाद के स्कूल 12 जनवरी को खुलेंगे. यहां पर आठवीं तक के स्कूल पहले 6 जनवरी को स्कूल खुलने वाले थे, लेकिन पांच जनवरी को जारी आदेशों में इन स्कूलों को 11 जनवरी तक बंद रखने का ऐलान किया गया है।

## राहुल गांधी को मानहानि के मामले में जमानत मिली

**पुणे (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के को बड़ी राहत मिली है। पुणे की विशेष अदालत ने वीर सावरकर पर दिए गए बयान के मामले में उन्हें जमानत दे दी है। राहुल गांधी पुणे की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। वीर सावरकर के ग्रैंड नेफ्यू ने साल 2023 में राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर पर दिए एक बयान को लेकर मामला दर्ज कराया था। राहुल गांधी ने ब्रिटेन में वीर सावरकर के हिंदुत्व को लेकर बयान दिया था। इस बयान में उन्होने सावरकर के हिंदुत्व पर टिप्पणी की थी और कहा था कि के बारे में सावरकर ने किताब में भी लिखा है। लेकिन सावरकर के परिवार के मुताबिक यह बात जो राहुल गांधी ने कही थी वह गलत थी। जिसके बाद सावरकर के ग्रैंड नेफ्यू सात्यकि सावरकर ने पुणे की एक अदालत में अपील की और आज अदालत में 25000 रुपए के निजी मुचलके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमानत दी है। कोर्ट ने राहुल गांधी को हिदायत दी है कि जब तक यह मामला चल रहा है,राहुल गांधी सावरकर पर कोई बयान न दें।



# 'मैंने अपनी आंखों से गोधरा की सच्चाई देखी, गोधरा की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थी'

### गोधरा दंगे पर खुलकर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में फरवरी 2002 में हुए गोधरा दंगे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलकर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विधायक बने तीन दिन भी नहीं हुए थे कि गोधरा में दंगे हो गए। दंगे की खबर मिलते ही मैं गोधरा जाने का फैसला किया। मैंने अपनी आंखों से गोधरा की सच्चाई देखी। गोधरा की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थी। मुझे बताया गया कि ट्रेन में आग लगी है।



पीएम मोदी ने कहा कि गोधरा में पांच जगहों पर बम ब्लास्ट हुए। आप कल्पना कर सकते हैं उस क्या स्थिति रही होगी। मैं अपने सिक्योरिटी वालों से कहा कि मैं पुलिस कंट्रोल रूम में जाना चाहता हूं। इस पर सिक्योरिटी वालों ने सुरक्षा का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया। मैं कहा जो भी होगा मैं वहां जाउंगा। मैं आकर गाड़ी में बैठ गया। मैं कहा सबसे पहले अस्पताल जाउंगा। सिक्योरिटी वालों ने कहा कि हर जगह ब्लास्ट हो रहे हैं। इसके बावजूद में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए घायलों को देखने अस्पताल पहुंचा।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे अंदर जिम्मेदारी का भाव था। मैं 24 फरवरी 2002 को पहली बार विधायक बना। 27 फरवरी को पहली बार विधानसभा गया। विधायक बने तीन दिन भी नहीं हुए थे कि अचानक गोधरा कांड हो गए। उस समय मैं विधानसभा में था। निकलते ही हमने कहा कि मैं गोधरा जाना चाहता हूं। मैं कहा कि पहले हम वरोदरा जाएंगे वहां से हेलीकॉप्टर लेंगे। मुझे बताया गया कि हेलीकॉप्टर नहीं है। मैं कहा कि देखिए किसी का मिल जाए तो। एक सिंगल इंजन वाला हेलीकॉप्टर मिला। मुझे कहा गया कि जो हेलीकॉप्टर है उससे वीआईपी को नहीं ले जाया जा सकता। मैं उन लोगों से झगड़ा किया कि मैं कोई वीआईपी नहीं हूं। मैं सामान्य आदमी हूं। मैं लिखकर देता हूं कि अगर कुछ होता है तो मेरी जिम्मेदारी होगी। इसके बाद हम गोधरा पहुंचे।

# मेरठ में पांच लोगों के शव घर में मिले

### 3 बच्चों की डेड बॉडी बेड के अंदर मिली

**मेरठ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहां एक ही परिवार के पांच लोगों के शव उनके घर के अंदर पाए गए। शव बेड बक्सों के अंदर कपड़ों के बीच छिपाए गए थे। घटना लिसाड़ी गेट थाने के पास सोहेल गार्डन इलाके की है। पुलिस और फोरेंसिक अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटना से एक दिन पहले परिवार गायब हो गया था। इस घटना को देखकर ऐसी अटकलें हैं कि परिवार का मर्डर किया गया है। घटनास्थल पर सुसाइड नोट भी नहीं मिले हैं। हालांकि पुलिस मर्डर या सुसाइड पर कुछ भी बोलने से बच रही है। जानकारी के अनुसार, पति मोईन और पत्नी आसमा के शव फर्श पर पाए गए, जबकि 8 साल की अफसा, 4 साल की अजीजा और एक साल की अदीबा के शव बिस्तर के अंदर पाए गए। घर के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। एडीजी डीके ठाकुर भी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। एसएसपी मेरठ ने कहा कि मरने की वजह अभी तक सामने नहीं आयी है।



पुलिस आपसी रंजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकेगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

लिसाड़ी थाना क्षेत्र स्थित सुहेल गार्डन में रहने वाले मृतक परिवार को बुधवार शाम को आखिरी बार देखा गया था। एक ही परिवार के पांच शव उनके ही मकान में एक कमरे पर बेड पर और उसके अंदर पड़े मिले हैं। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। पांच लोगों में तीन बच्चे और दो पति-पत्नी हैं। बच्चों की उम्र ज्यादा नहीं थी। घटना घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर के अंदर बाहरी लोगों के जाने पर रोक लगा दी है।

# पीएम को प्रयागराज कुंभ मेले में आने का निमंत्रण

### पीएम मोदी से दिल्ली में मिले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, सीएम योगी ने पीएम मोदी को प्रयागराज कुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया है। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला है, जिसमें इस साल 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इससे पहले सीएम योगी ने 30 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय प्रमुख जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर प्रयागराज कुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया था। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुंभ 2025 से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए एफएम चैनल




'कुंभवाणी' का उद्घाटन किया। प्रसार भारती ने महाकुंभ के बारे में व्यापक जानकारी प्रसारित करने के लिए ओटीटी-आधारित कुंभवाणी एफएम चैनल लॉन्च किया है। 103.5 मेगाहर्ट्ज पर इसे सुना जा सकेगा। यह चैनल पर 10 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 5.55 बजे से रात 10.05 बजे कुंभ मेले से संबंधित प्रसारित होगी। इसके अलावा, सीएम योगी ने डिजिटल महाकुंभ केंद्र का उद्घाटन किया था और कहा था कि यह धार्मिक सभा की दिव्यता और भव्यता को डिजिटल रूप से प्रदर्शित करता है। इस केंद्र पर महाकुंभ, समुद्र मंथन, प्रयाग महतम और त्रिवेणी संगम की कहानियों को डिजिटल रूप से प्रदर्शित होगा। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 3 में 60,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसे 12 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुंभ मेले से 2 लाख करोड़ रुपये तक की आर्थिक वृद्धि होने का अनुमान है। महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के आयोजन ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 1.2 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया। इस वर्ष 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद के साथ महाकुंभ से 2 लाख करोड़ रुपये तक की आर्थिक वृद्धि होने का अनुमान है।

## अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स में हुआ भर्ती, दिल्ली पुलिस ने कड़ी की सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था। छोटा राजन को बीते साल मई महीने में एक विशेष अदालत ने होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी थी। हालांकि, बंबई हाई कोर्ट ने छोटा राजन को दी गई उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया और उसे जमानत दे दी। हालांकि, राजन अन्य कई आपराधिक मामले के संबंध में जेल में ही है। इसके अलावा एक व्यवसायी की हत्या के लगभग 28 साल पुराने मामले में भी छोटा राजन को सबूतों के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया गया था। इसके अलावा कुछ साल पहले मुंबई की एक सत्र अदालत ने अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के गिरोह के एक कथित सदस्य की 1999 में हुई हत्या से जुड़े एक मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को आरोपमुक्त कर दिया था।



# सीएम योगी ने प्रयागराज में 'मां की रसोई' का किया उद्घाटन



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुम्भ मेले के शुरू होने से पहले शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामुदायिक रसोई 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया, जिसमें मात्र 9

**● सिर्फ 9 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन**

रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि सामुदायिक रसोई का संचालन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, नंदी सेवा संस्थान द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी ने अस्पताल का दौरा किया,




जहां उन्होंने 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा उपस्थित लोगों को भोजन परोसा। सरकार ने कहा, ''नंदी सेवा संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए यह पहल शुरू की है। मात्र 9 रुपये में लोगों को भोजन मिल सकेगा। भोजन में दाल, चार रोटियां, सब्जियां, चावल, सलाद और मिठाई मिलेंगी।'' सीएम योगी औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ रसोई के किचन में पहुंचे। वहां उन्होंने खाना बनाने की प्रक्रिया और सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने खाने की गुणवत्ता और व्यवस्था की सराहना की। उद्घाटन के बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री को रसोई में भोजन तैयार करने के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री को भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। नंदी सेवा संस्थान के अनुसार 'मां की रसोई' उन लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जो अपने प्रियजनों के इलाज के लिए इस अस्पताल में आते हैं और भोजन के लिए चिंतित होते हैं। औद्योगिक विकास मंत्री के अलावा इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और जगदगुरु महामंडलेश्वर संतोष दास उपस्थित रहे।

# आम जनों के प्रति हमेशा आत्मीयता का भाव रखें : राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी अपने सेवा काल में आम जनों के प्रति हमेशा आत्मीयता का भाव रखे। गरीब, वंचित और निर्दोषों के साथ शालीन व्यवहार करे ईमानदार, निष्पक्ष और संवेदनशील अधिकारियों को ही आम जनता के बीच विश्वास और भरपूर सम्मान प्राप्त होता है।

राज्यपाल श्री पटेल 29वें बैच के सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु सहायक कमाण्डेंट अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। राजभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता भी मौजूद रहे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आप उन चुनिंदा व्यक्तियों में शामिल हैं जिन्हें सशस्त्र सीमा बल का महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। आप सभी को आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ देने का अवसर मिलेगा। इस लिए जरूरी है कि आपके कार्य, आचरण और मर्यादा में सदैव जनहित प्राथमिकता में रहे। उन्होंने कहा कि आपका प्रत्येक कदम राष्ट्र की सेवा और जनता के कल्याण की दिशा में होना चाहिए। यही



आपकी सफलता और सच्ची सेवा का मापदंड होगा। आपकी प्रतिबद्धता और दक्षता सशस्त्र सीमा बल की गौरवशाली परंपरा को और भी ऊँचाई पर ले जाएगी जो आपके परिवार, समुदाय, बल, और पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय होगी।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध, तस्करों द्वारा नई-नई तकनीकों का उपयोग, और अन्य उभरती चुनौतियाँ आपके सेवा काल में बड़ा दायित्व प्रस्तुत करेगी। सभी अधिकारी डिजिटल युग की समस्याओं जैसे डिजिटल अरेस्ट, हेकिंग आदि के प्रति पहले स्वयं जागरूक और सतर्क रहे, फिर आमजनों को भी अपने स्तर पर जागरूक करने का प्रयास करे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एस.एस.बी. ने वर्तमान परिदृश्य में शांति और व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और सीमा प्रबंधन की हर चुनौतियों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई है। मुझे पूरा विश्वास है कि उत्कृष्ट प्रशिक्षण, अद्वितीय कौशल, और दृढ़ संकल्प के आधार पर आप इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।

राज्यपाल श्री पटेल का सौजन्य भेंट कार्यक्रम में पौधा भेंट कर स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षु सहायक कमाण्डेंट का परिचय प्राप्त किया। स्वागत उद्बोधन सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल के उप महानिरीक्षक श्री अजीत सिंह राठौर ने दिया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग से चयनित 29वें बैच सहायक कमाण्डेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों की ओर से सुश्री राशि भारद्वाज और श्री आशीष राघव ने अकादमी के प्रशिक्षण अनुभवों को साझा किया। उप कमाण्डेंट श्री सचिन कुमार ने आभार माना।

## समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 23 जनवरी तक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 5 लाख 61 हजार 627 किसानों से 36 लाख 50 हजार 736 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 23 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में अभी तक 5005 करोड़ 21 लाख रूपये की राशि अंतरित कर दी गई है। प्रदेश के बालाघाट में 4 लाख 79 हजार 736, सतना 3 लाख 65 हजार 232, कटनी 3 लाख 59 हजार 282, रीवा 3 लाख 16 हजार 182, जबलपुर 3 लाख 9 हजार 800, सिवनी 2 लाख 46 हजार 195, मण्डला 1 लाख 74 हजार 498, शहडोल 1 लाख 67 हजार 130, मैहर 1 लाख 44 हजार 414, नर्मदापुरम् 1 लाख 37 हजार 855, सिंगरौली 1 लाख 24 हजार 349, पन्ना 1 लाख 23 हजार 164, उमरिया 1 लाख 9 हजार 840, सीधी 1 लाख 4 हजार 139, अनूपपुर 83 हजार 107, मऊगंज 83 हजार 73, दमोह 72 हजार 128, नरसिंहपुर 66 हजार 952, डिंडोरी 53 हजार 393, रायसेन 36 हजार 617, बैतूल 36 हजार 59, सीहोर 29 हजार 809, सागर 14 हजार 192, छिन्दवाड़ा 9 हजार 581, भिंड 1325, विदिशा 1040, हरदा 960, शिवपुरी 542, मुरैना 68, अलीराजपुर 56 और झाबुआ जिले में 18 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

## चायनीज मांझे के ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क से संभावित दुर्घटना से बचाव हेतु रोको-टोको अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) की ट्रांसमिशन लाइनों के समीप चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण संभावित दुर्घटना की आशंकाओं पर अंकुश लगाने और नागरिकों को सतर्क तथा सुरक्षित करने प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको ने रोको-टोको अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने स्थानीय जिला प्रशासन से चायनीच मांझे के इस्तेमाल पर रोक तथा ट्रांसमिशन लाइनों के समीप के उन क्षेत्रों को संवेदनशील और खतरनाक घोषित करने के लिये अनुरोध किया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आग्रह किया है की ट्रांसमिशन लाइनों के पास पतंग नहीं उड़ायें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बहुतायत पतंग उड़ाये जाने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा पोस्टर बैनर एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से उन्हें सचेत एवं सतर्क किये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत के अनावश्यक व्यवधान का सामना न करने पड़े। गत वर्ष राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार सहित कुछ स्थानों पर ट्रांसमिशन लाइनों में चायनीज मांझा के साथ पतंग फंसने की घटनाओं के बाद विद्युत व्यवधान हुआ था तथा पतंग उड़ाने वालों को भी नुकसान पहुँचा था। एम.पी. ट्रांसको के संवेदनशील प्रोटेक्शन सिस्टम के 100 प्रतिशत ऑपरेट होने से बड़ी जनधन हानि से बचा जा सका था। चायनीज मांझा में कई तरह के केमिकल और धातुओं का इस्तेमाल किया जाता है, जो डोरी को बिजली का अच्छा सुचालक बना देता है। यह संपर्क में आने से पतंग उड़ाने वाले के लिये घातक साबित होता है। साथ ही ट्रांसमिशन लाइन में लिपटने से चीनी मांझे से क्षेत्र में विद्युत व्यवधान की आशंका भी रहती है।

## विदिशा के आउटसोर्स लाइन स्टॉफ रामविलास ने सुरक्षा ट्रेनिंग देकर पेश किया अनुकरणीय उदाहरण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के विदिशा ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स उपसंभाग के आउटसोर्स कर्मी श्री रामविलास ने एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुये 220 के.व्ही. सब-स्टेशन विदिशा में एम.पी. ट्रांसको के नियमित कर्मियों सहित अन्य आउटसोर्स कर्मियों को ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशनों में सुरक्षित कार्य करने के लिये एक सुरक्षा ट्रेनिंग दी। सामान्यत: एम.पी. ट्रांसको में इस तरह की ट्रेनिंग वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ इंजीनियर्स द्वारा दी जाती रही है, परंतु मध्यप्रदेश में यह पहला मौका है जब किसी आउटसोर्स कर्मी ने सुरक्षा संबंधी समस्त प्रक्रियाओं को पहले अच्छे से समझा जाना और फिर पहले स्वयं प्रशिक्षित होकर अन्यों को भी प्रशिक्षित करने का उल्लेखनीय कार्य किया। विदिशा जिले के स्थानीय निवासी श्री रामविलास ने एम.पी. ट्रांसको के 35 अधिकारी/कर्मचारियों को ट्रांसमिशन लाइन और सब-स्टेशनों में कार्य के दौरान प्रयोग किये जाने वाले सेफ्टी बेल्ट के उपयोग करने के तरीके, इसके बांधने से होने वाली सुरक्षा तथा सेफ्टी बेल्ट बांध कर कार्य करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में विस्तारपूवर्क बताया। एक मेंटेनेन्स कर्मी द्वारा दिये गये इस व्यावहारिक ट्रेनिंग से उपस्थित मेंटेनेन्स स्टॉफ का न केवल मनोबल बढ़ा बल्कि सभी ने कार्य के दौरान अनिवार्य रूप से सुरक्षा बेल्ट बांधने की शपथ भी ली। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने श्री रामविलास के इस प्रयास की सराहना करते हुये इसे अन्यों के लिए अनुकरणीय बताया। सेफ्टी बेल्ट पूरे शरीर की सुरक्षा के लिये एक व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण है। इसे कार्य-स्थल पर या ऊंचाई पर होने वाली अन्य गतिविधियों के दौरान गिरने और चोट लगने से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## जीआईएस से पहले एमएसएमई की नई पॉलिसी से प्रदेश के उद्योग परिदृश्य को मिलेगी नई उड़ान-मंत्री काश्यप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने उद्योग संघों के प्रतिनिनिधों से कहा है कि प्रदेश सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नई एमएसएमई (स्वस्थ) पॉलिसी के साथ ही भूमि आवंटन नियम और प्रोत्साहन की ऐसी पॉलिसी लाएगी जिससे मध्यप्रदेश में स्थानीय उद्यमिता का विकास विदेशी निवेशकों को प्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आकर्षित करने के साथ सर्वाधिक रोजगार सृजन वाले प्रदेश के रूप में उभरे।

मंत्री श्री काश्यप गुरुवार को मंत्रालय में उद्योग संघों के पदाधिकारियों से एमएसएमई की प्रचलित पॉलिसी पर चर्चा और सुझाव संगोष्ठी में संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव



श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, सचिव सुश्री प्रियंका दास और उद्योग आयुक्त श्री दिलीप कुमार भी उपस्थित थे।

## अन्न का उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जैविक खेती आवश्यक-मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती भारत की मूल कृषि पद्धतियां हैं, जिन्हें लंबे समय से पुन: स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। जबलपुर में जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर क्षेत्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े विभिन्न मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को बचाने के लिए श्री अन्न की तरफ बढ़ने की बात कही है। श्री अन्न सभी उच्च कोटि के अनाज में शामिल है। मंत्री श्री पटेल श्री अन्न के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक किलोग्राम मोटे अनाज के उत्पादन के लिए सिर्फ एक लीटर पानी की आवश्यकता होती है जबकि एक किलोग्राम गेंहू और धान क्रमश: 28 और 37 लीटर पानी की खपत के बाद उत्पादित किया जाता है। मंत्री श्री पटेल ने देश की बढ़ती आबादी के बीच श्री अन्न के उत्पादन और उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जैविक खेती को आवश्यक बताया।

मंत्री श्री पटेल ने अपने गौरक्षा के संकल्प को भी याद किया। उन्होंने कहा भूमि की घटती हुई उर्वरा शक्ति को बचाने के लिए देशी गाय के गोबर से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। मंत्री श्री पटेल ने प्रमाणीकरण के विभिन्न स्तरों को भरोसे का संकट बताते हुए कहा कि निर्यात के लिए बाहरी देशों के मानकों की स्वीकार्यता हो सकती है।

## आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में चार दिवसीय मध्यप्रदेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में मध्यप्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित गए चार दिवसीय मध्यप्रदेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, संगीत और कलात्मक धरोहर को बढ़ावा देना और इसे विश्व स्तर पर प्रस्तुत करना है। इस आयोजन में मध्यप्रदेश के कई कलाकार हिस्सा ले रहे हैं, जो प्रदेश की अनूठी सांस्कृतिक और लोक परंपराओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान लोक संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां भी लोगो को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। गुरुवार शाम सुप्रसिद्ध उदय



भानवलकर द्वारा सुरमई ध्रुपद संगीत सुनाया गया एवं जाने-माने किरण बामनेरे और आमिर खान द्वारा आकर्षक वायलिन-सरोद की जुगलबंदी प्रस्तुत की गई। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की अपर प्रबन्ध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने इस मौके पर कहा आर्ट ऑफ लिविंग दुनिया की प्रमुख और अग्रणी आध्यात्मिक संगठनों में से एक है, जो भारत और विदेशों से साधकों और अनुयायियों को एक साथ लाता है। यह मंच निस्संदेह मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने का सबसे बेहतरीन अवसर है। यहाँ पर्यटन विभाग द्वारा भिन्न-भिन्न प्रदर्शनियाँ लगायी गई है। जिसमें प्रचार-प्रसार, फ़िल्म, निवेश, ग्रामीण पर्यटन के साथ मृगनयनी एंपोरियम एवं अन्य क्राफ्ट भी प्रदर्शित किए जा रहे है। प्रदेश के छह रीजन के खाने की स्टाल भी लगाये गये है। जो हर दिन अलग-अलग व्यंजन परोसेंगे मध्यप्रदेश महोत्सव में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार की गई कला कृतियों और चंदेरी की साड़ियों ने भी अपनी छाप छोड़ रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में निवेश और फ़िल्म निर्माण के अवसरों पर भी पर्यटकों को जानकारी दी जा रही है। इसके साथ गोंड और भील चित्रकला, ज़री-जरदोज़ी, और चंदेरी सिल्क जैसी मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध हस्तशिल्प और वस्त्रों की प्रदर्शनी ने दर्शकों का ध्यान खींच रहे है।

## रबी सिंचाई के लिए किसानों की मदद करते हुए बिजली ज्यादा गुणवत्ता से प्रदाय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत मप्र में सबसे ज्यादा केपिसिटर बैंक स्थापित किए हैं। कंपनी ने सबसे ज्यादा 734 कैपिसिटर बैंक 33/11 केवी के ग्रिडों पर स्थापित किए हैं। 114 करोड़ के इन ग्रिडों से किसानों को रबी सीजन में पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता से सिंचाई के लिए बिजली मिली है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आरडीएसएस के कार्यों को समय पर पूरा करने से लाखों उपभोक्ताओं को फायदा मिल रहा है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि 734 केपिसिटर बैंक में सबसे ज्यादा केपिसिटर बैंक इंदौर एवं उज्जैन जिलों में लगाए गए हैं। इनकी संख्या 102 एवं 110 हैं। शाजापुर में 82, देवास में 77, खरगोन में 60, धार में 53, मंदसौर में 46, खंडवा में 38, नीमच में 36, आगर में 33, रतलाम में 28, बड़वानी और झाबुआ में 27, बुरहानपुर में 15 स्थानों के 33/11 केवी ग्रिडों पर अत्याधुनित तरीके से केपिसिटर बैंक स्थापित किए गए हैं। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि बताया कि एक ओर जहां ग्रिडों पर केपिसिटर बैंक लगने से संबंधित फीडर के दूरस्थ किसानों को गुणवत्ता के साथ बिजली उनके खेत, नलकूप, कुएं तक मिल रही है। इससे जहां मोटर पंप उच्च क्षमता के साथ चलकर भरपूर पानी दे रहे हैं, वहीं गुणवत्ता के साथ बिजली अंतिम छोर तक मिलने से मोटर पंप खराब होने की नौबत नहीं आ रही है। वहीं वोल्टेज सही मिलने से कुल बिजली खपत संतुलित हो रही है। ऐसे में ग्रिडों पर अतिरिक्त बिजली खपत की नौबत नहीं आ रही रिएक्टिव पावर की स्थित बढ़ने से लोड खपत बढने से निजात मिल सकी है।

## जबलपुर में हुईं संसद की संचार और सूचना प्रौद्योगिकी स्थायी समिति की बैठकें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यसभा के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रबंधन पर संसदीय स्थायी समिति की बैठकें गुरुवार को जबलपुर में हुईं। बैठकों की अध्यक्षता समिति के चेयरमेन राज्यसभा सांसद श्री निरंजन बिशी ने की। बैठकों में राज्यसभा सांसद श्री गुलाम अली समेत समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। इन बैठकों में तकनीकी प्रगति के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को सशक्त बनाने तथा नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर विशेष बल दिया गया। समिति के सदस्यों का दल 9 जनवरी से 11 जनवरी तक मध्यप्रदेश के जबलपुर और कटनी के दौरे पर रहेगा।

समिति की पहली बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राज्य




सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और स्थानीय प्राधिकरणों प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश में सार्वजनिक सेवाओं के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग और इसके संबंध में सार्वजनिक संस्थानों द्वारा उठाए गए कदमों पर विचार-विमर्श किया गया।

स्थायी समिति की दूसरी बैठक में एम.पी. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, पुलिस अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन तथा कॉमन सर्विस सेंटर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यहाँ साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं नागरिकों के डेटा की सुरक्षा के लिए साइबर कानूनों के प्रवर्तन पर चर्चा की गई। तीसरी बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक) और डाक विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में वित्तीय संस्थानों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा नागरिकों के डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। साइबर सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में पुलिस अधिकारी व संबंधित विषय से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यसभा की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति की बैठकों में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे, संभागायुक्त श्री अभय वर्मा, डीआईजी श्री अतुल सिंह, कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना, उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नबर श्रीमती प्रीति यादव और अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 'मैं भी बाघ और हम हैं बदलाव' थीम पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में अनुभूति कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्य-प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गयी। मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर प्रशिक्षण-सह-जागरूकता शिविर 9 जनवरी को आयोजित किया गया। शिविर में शासकीय राजीव गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माचना कॉलोनी भोपाल के 108 छात्र-छात्राओं एवं 7 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री ए.के. खरे, सेवानिवृत उप वन संरक्षक के साथ-साथ वन



विहार के बायोलॉजिस्ट श्री विजय नंदवंशी भी उपस्थित रहे। इस दौरान संचालक वन विहार श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार, सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

शिविर में सम्मिलित हुए प्रत्येक बच्चे को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, कैप, वन विहार के ब्रोशर के साथ-साथ जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी प्रदान किये गये। विद्यार्थियों को मास्टर ट्रेनर एवं नवीन प्रेरकों द्वारा पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों एवं फूड चैन की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागियों ने फूड वेब, फूड चेन सम्बंधित खेल, खेलकर जानकारी प्राप्त की। वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई। उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। छात्र/छात्राओं को वन्यप्राणियों को कैसे रेस्क्यू किया जाता है, इस संबंध में वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू टीम द्वारा अवगत कराया गया। समापन अवसर पर संचालक वन विहार श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार द्वारा शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई एवं पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# फरियादी को कलेक्ट्रेट बुलाकर अधिकारी ने रिश्वत ली

## सीधी में ट्रांसफर रोकने के लिए मांगे थे 20 हजार रुपए, लोकायुक्त ने रंगेहाथ पकड़ा





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. डी के द्विवेदी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि अधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में रिश्वत की रकम ली।

आरोपी अधिकारी ने एक हॉस्टल के चपरासी का ट्रांसफर रोकने के लिए उससे 20 हजार रुपए मांगे थे। जिसमें से 15 हजार रुपए वह पहले दे चुका था। शुक्रवार को बाकी 5 हजार रुपए देने पहुंचा था। इसी दौरान लोकायुक्त पुलिस की टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

**ट्रांसफर रुकवाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत:** फरियादी का नाम सुखलाल कोल है। वह जिले के सुखवारी छात्रावास में पदस्थ है। उसका ट्रांसफर कहीं और कर दिया गया था। ट्रांसफर रुकवाने के नाम पर अधिकारी ने उससे रिश्वत मांगी थी। खलाल ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से की थी। सुखलाल कोल ने बताया -

मैं सुखवारी में लगभग 25 साल से चपरासी के पद पर छात्रावास में पदस्थ हूं। मेरा ट्रांसफर अमरबाह कर दिया गया है, जो मेरे घर से काफी दूर है। मेरा अब रिटायरमेंट का समय आ रहा है। इसके लिए मैंने उनसे कहा कि मैं इतनी दूर नहीं जा पाऊंगा। तब सहायक आयुक्त डॉ डी के द्विवेदी ने मुझे 20 हजार रुपए की मांग की। ट्रांसपोर्ट रुकवाने के लिए मैंने 15 हजार एक सप्ताह पहले दे दिए थे। लेकिन अब फिर से 5 हजार देने के लिए आया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

**10 दिन पहले ही डॉ. द्विवेदी को मिला था प्रमोशन:** आरोपी अफसर डॉ. डी के द्विवेदी 10 दिन पहले 1 जनवरी को ही प्रमोशन के बाद आदिवासी विकास विभाग में सहायक आयुक्त बनाए गए थे। इससे पहले वे करीब डेढ़ साल तक प्रभारी सहायक आयुक्त के पद पर रहे। साल 2017 में इनकी पोस्टिंग सीधी जिले में आदिवासी विकास विभाग में सहायक संचालक के पद पर हुई थी।

**15 सदस्यीय टीम ने पहुंचकर कार्रवाई की:** लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार के नेतृत्व में 15 सदस्यीय टीम ने शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की। टीम ने कलेक्टर कार्यालय की दूसरे मंजिल पर स्थित आदिवासी विकास विभाग के चैंबर में छापा मारा, जहां सहायक आयुक्त को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। बाद में उन्हें सर्किट हाउस ले जाया गया। जहां कार्रवाई की गई।

## भतीजे का हत्यारा चाचा गिरफ्तार

### जमीनी विवाद में हुई थी मारपीट, आरोपी को अम्लोरी से पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले की खुटार चौकी पुलिस ने अपने ही भतीजे की हत्या करने वाले आरोपी चाचा को सिर्फ 12 घंटे में ही आज गिरफ्तार कर लिया। घटना 9 जनवरी की है जब लाठी डंडों से पीट करके 55 साल के अधेड़ चाचा ने जमीनी विवाद में अपने 22 साल के भतीजे की हत्या की थी।

थाना प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि गुरुवार को मृतक अशोक शर्मा की बहन अंजली शर्मा ने इस बात की शिकायत बैढन थाना के खुटार चौकी में दर्ज कराई थी कि बुधेला गांव में रहने वाले चाचा बसंत शर्मा ने मेरे भाई आलोक शर्मा की पीट पीटकर हत्या कर दी है।

इस शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। इसके साथ ही आरोपी बसंत शर्मा की तलाश की जा रही थी। आज सूचना मिली कि आरोपी अम्लोरी इलाके में एक घर में छुपा हुआ है। जहां से पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आलोक शर्मा ने बताया कि उसका और मृतक का जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी वजह से गुस्से में आकर उसने हत्या की थी।

इस घटना के खुलासे में थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार, उप निरीक्षक अभिषेक पांडे, उप निरीक्षक साहब लाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक पप्पू सिंह, सहायक उप निरीक्षक अरविंद द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक प्रेम सागर पटेल सहित अलग-अलग पुलिसकर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## आम रास्ते पर बने अवैध निर्माण पर नगर पालिका द्वारा की गई कार्यवाही



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नगरपालिका सीधी के वार्ड क्रमांक 08 में आम रास्ते पर बने अवैध निर्माण पर नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल की अगुवाई में अतिक्रमण दस्ता द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए वार्ड क्रमांक 08 में आम रास्ते में निर्मित अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन द्वारा हटाया गया। अवैध निर्माण से वहां रहने वाले रहवासियों को आने जाने में समस्या हो रही थी जिस कारण नगर पालिका की अतिक्रमण दस्ता द्वारा कार्यवाही करते हुए मार्ग से अवैध निर्माण हटाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि अवैध निर्माण के खिलाफ इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# कार्बन मोनोऑक्साइड से दो कर्मचारियों की मौत, ठंड से बचने के लिए जलाया था कोयला, कमरे में भरी गैस से दम घुटा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के बरगवां में स्थित एक ढाबे के दो कर्मचारियों की कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। यह घटना बुधवार और गुरुवार की रात के बीच घटित हुई, गुरुवार को शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हुआ।

**पुलिस ने हत्या की आशंका को खारिज किया:** बरगवां इलाके में स्थित केजीएफ फैमिली रेस्टोरेंट में काम करने वाले 16 साल के मिथुन बैग और 18 साल के बबुंदर बैग के शव गुरुवार सुबह ढाबे की पहली मंजिल पर बने कमरे में मिले। पहले होटल संचालक ने हत्या की आशंका जताई थी और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद एसपी मनीष खत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

**दम घुटने से हुई दोनों की मौत:** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने जानकारी दी कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों युवकों की मौत दम घुटने से हुई है। रात में दोनों ने कमरे में कोयले की सिगड़ी जलाकर रखी थी, जिससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण उनकी मौत हुई है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है।

एसपी ने समझाया कि कार्बन मोनोऑक्साइड गैस हीमोग्लोबिन से रिएक्शन कर ब्लड सर्कुलेशन को बाधित करती है, जिससे शरीर के अंगों तक रक्त नहीं पहुंच पाता और मृत्यु हो जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कभी भी कोयला जलाकर न सोएं।

**सिंगरौली में आसानी से मिल जाता है चोरी का कोयला:** सिंगरौली जिले में 11 से अधिक कोल माइंस हैं, और यहां से कोयला सड़क और ट्रेन के माध्यम से परिवहन किया जाता है। कोयला माफिया खदानों से और परिवहन कर रहे वाहनों से कोयला चुराकर बाजार में बेचते हैं। यहां कोयला सिर्फ एक रुपए प्रति किलो या 50 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बाजार में आसानी से उपलब्ध है। इस कारण लोग लकड़ी या अन्य संसाधनों का उपयोग न करके चोरी के कोयले का खाना पकाने, होटल में या आग तापने के लिए इस्तेमाल करते हैं। यही वजह है कि अक्सर इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

**कोयला जलाते वक्त ये सावधानियां बरतें:** कोयले को जलाते वक्त यह ध्यान रखें कि धुंआ जमा न हो।

हमेशा खुली जगह में कोयला जलाएं।

बंद कमरे में गर्माहट के लिए जलता हुआ कोयला न रखें।

खाना पकाने के लिए भी खुले में ही कोयला उपयोग करें।

मिथुन बैग के पिता राम रतन बैगा ने बताया कि बबुन्दर बैग उन्हीं के गांव सुता लालमाटी गांव का ही है। उसके पिता का देहांत तकरीबन 4 साल पहले हो गया था। घर की हालत ठीक नहीं थी इसीलिए उसे अपने साथ यहां काम करने के लिए लाया था, मेरे घर की भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है इसलिए मैं यहां पहले से कम कर रहा था और अपने बेटे को भी एक साल पहले यहां काम पर लगा दिया था।

## नशेड़ी चाचा ने भतीजे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की

### 10वीं कक्षा का छात्र था, घटना के बाद आरोपी फरार



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** बराछ चौकी क्षेत्र में नशेड़ी चाचा ने अपने 16 वर्षीय भतीजे की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। मृतक नीलेश वंशकार 10वीं कक्षा का छात्र था, जो अपने घर में पढ़ाई कर रहा था। घटना 9 जनवरी की शाम करीब 6 बजे की है। मौत के कारणों का पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल, आरोपी मुकेश वंशकार (20) छत से घर के अंदर घुसा और धारदार कुल्हाड़ी से भतीजे पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी को खून से सनी कुल्हाड़ी के साथ भागते देखा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नशे की हालत में था।

कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा और बराछ चौकी प्रभारी शिशिर मंडल सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। एडिशनल एसपी आरती सिंह ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## ''कॉलेज चलो अभियान'' के प्रथम चरण का शुभारंभ

### महाविद्यालय मझौली के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुपालन एवं शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली की प्राचार्य डॉ गीता भारती के निर्देशन में ''कॉलेज चलो अभियान'' का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि विद्वानों द्वारा शासकीय सीएम राइस शासकीय उच्चतर माध्यमिक पथरौला, शास उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़ौरा, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मझौली एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली के विद्यार्थियों को 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई। डॉ सुरेश कुमार तिवारी द्वारा केंद्रीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विषय चयन, बहुआगमन एवं निगमन तथा क्रेडिट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। डॉ संदीप कुमार शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डॉ भावना नागेंद्र द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों जैसे स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान एवं पुस्तकालय से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। डॉ वहीदुनिशा द्वारा विद्यार्थियों को मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव,वोकेशनल एवं फील्ड प्रोजेक्ट के साथ-साथ एकेडमिक बैंक का क्रेडिट आदि के बारे में रूबरू कराया गया। इस अभियान में पथरौला के प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र सिंह के साथ साथ अन्य विद्यालयों के प्राचार्य विजय सिंह, बृजेश मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी एवं अन्य शिक्षकों सराहनीय योगदान दिया गया।

## सीधी में मनरेगा घोटाला, सरपंच ने गांव को बनाया "घोटाला रिसॉर्ट"

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के बम्हनी गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का ऐसा "सुनहरा" चेहरा सामने आया है, जिसे देखकर खुद गांधीजी भी शर्म से लाल हो जाएं। इस योजना को गरीबों को रोजगार देने के लिए बनाया गया था, लेकिन यहां इसे सरपंच और उनके परिजनों ने अपनी जेबें भरने का जरिया बना लिया है।

**तालाब नहीं, "घोटाला झील" बनी जमीन:** गांव के दिव्यांग घनश्याम तिवारी की कहानी सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उनके खेत पर जबरन तालाब खोद दिया गया, लेकिन यह तालाब पानी के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की "झील" बनकर उभरा। सरपंच ने जेसीबी मशीन से खुदाई कर मिट्टी और पत्थर बेच दिए, और घनश्याम को एक पैसा तक नहीं दिया। विरोध करने पर उन्हें गुंडों से धमकाया गया। "तालाब तो बना दिया, लेकिन पानी के बजाय इसमें सरपंच के भ्रष्टाचार की गहराई दिखाई देती है,"।

**फर्जी लाभार्थियों की "फर्जी मंडी":** गांव के कमलेश तिवारी के खाते में अचानक योजना का पैसा आया। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन नहीं टिक पाई, क्योंकि सरपंच ने तुरंत फोन कर पैसा वापस मांग लिया। कमलेश की पत्नी नीलू तिवारी का नाम भी फर्जी तौर पर श्रमिक सूची में जोड़ा गया। "यहां मजदूरी तो कोई और करता है, लेकिन पैसा सरपंच की "प्यारी मंडली" के खाते में जाता है,"।

**ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा और धमकी का खेल:** इसके साथ ही गांव के किसान दामोदर प्रसाद ने बताया कि उनकी जमीन पर भी तालाब बनाने के बहाने कब्जा कर लिया गया। जब उन्होंने विरोध किया, तो सरपंच ने उन्हें घर की सड़क बंद करने और जान से मारने की धमकी दी। "जमीन पर खेती तो दूर, अब उस पर खड़ा होना भी गुनाह हो गया है,"।

**मनरेगा- रोजगार योजना या "लूट की मशीन":** राज्य में मनरेगा के आंकड़े लगातार गिर रहे हैं, लेकिन घोटालों की संख्या आसमान छू रही है। श्योपुर में एक मृत महिला को मजदूर दिखाना और खरगोन में दीपिका पादुकोण और दिया मिर्जा को जॉब कार्ड पर जोड़ना, इस योजना के "मनमोहक" कारनामों की गवाही देता है।

**जांच की लीपापोती-भ्रष्टाचार का कवच:** ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से शिकायत की, लेकिन सरकारी तंत्र "जांच का नाटक" कर रहा है। शिकायतें फाइलों में दब गई हैं, और सरपंच के "रौब" के आगे प्रशासन भी घुटने टेक चुका है।

**सरपंच का "सुपरहिट बचाव":** मामले पर सरपंच अक्रिति तिवारी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उनके चाचा अरविंद तिवारी ने इसे "राजनीतिक साजिश" करार दिया। ग्रामीणों का दावा है कि असली ताकत अरविंद के हाथ में है। "सरपंच तो महज एक कठपुतली है, असली खेल तो अरविंद तिवारी का है,"।

**क्या सरकार सुनेगी ग्रामीणों की चीखें:** मनरेगा, जो कभी ग्रामीण भारत के विकास की उम्मीद थी, अब भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। सवाल यह है कि क्या राज्य सरकार इस "घोटाला रिसॉर्ट" के जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेगी, या यह मामला भी सरकारी फाइलों में दबकर रह जाएगा? "ग्रामीण बताते हैं कि इस योजना के तहत ग्रामीणों को नहीं, बल्कि नेताओं और अधिकारियों को रोजगार मिल रहा है,"। बम्हनी का यह मामला सरकार और प्रशासन की आंखें खोलने के लिए काफी है, लेकिन क्या ये आंखें कभी खुलेंगी? या गरीबों की मेहनत का पैसा इसी तरह "घोटाला झील" में डूबता रहेगा?

## सीधी में पूर्व सांसद ने किया प्रदर्शन

### गौशाला संचालक अपनी जेब में डाल रहे शासन की राशि



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले की जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में आज पूर्व राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह ने आवारा पशुओं को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले प्रदर्शन किया है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले में गौशालाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन आवारा पशुओं की संख्या जस की तस बनी हुई है। आवारा मवेशी सड़कों में घूम रहे हैं। उन्हें गौशालाओं में स्थान नहीं मिल रहा है। शासन को लाखों रुपए के राजस्व हर महीने नुकसान होता है। क्योंकि गौशाला के संचालक अपनी जेब में डाल लेते हैं।

पूर्व सांसद ने बताया कि मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। अगर वह चाहे तो यहां विकास की नदिया बहा दें। लेकिन फिर भी केंद्र और राज्य सरकार इस बात पर ध्यान नहीं दे रही है। रामपुर नैकिन क्षेत्र में करीब आठ गौशालाएं स्थित हैं।

लेकिन किसी भी गौशाला में अपनी क्षमता के अनुसार मवेशी नहीं है। जहां है भी वहां वह भूखे मर रहे हैं और उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। कई बार वीडियो भी वायरल हुए हैं। जहां पर आवारा मवेशी मर जाते हैं और उन्हें पानी और चारा भी नसीब नहीं होता है।

## महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय के वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** महर्षि महेश योगी द्वारा स्थापित विद्यालय महर्षि विद्या मदिर कोष्टा का वार्षिकोत्सव कृष्णा राजकपूर आडोटोरियम में सपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार आचार्य कुलपति रीवा अवधेश प्रताप सिंह वि. विद्यालय रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि ओकांरनाथ पाण्डेय पूर्व प्राचार्य शा.पी. के. कन्या उ.मा. रीवा रहे। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक गुरूपरंपरा पूजन से हुई। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ की घोषणा की गई।

विद्यालय के बच्चो द्वारा स्वागत गीत एवं गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई इसके पश्चात प्राचार्य बी. के. रावत द्वारा मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि का मार्त्यापण, शाल एवम श्रीफल से स्वागत किया गया। विद्यालय प्राचार्य बी. के. रावत द्वारा अपने सारगर्भित उदबोधन में कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त अभिभावको गणमान्य नागरिको कर्मचारियो एवम बच्चो का हार्दिक अभिनंदन एवम स्वागत किया गया।

# सोन नदी से अवैध कोयला खनन का भंडाफोड़, बुढार पुलिस ने 6 लाख का कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ा, चालक फरार





**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** बुढार पुलिस ने धनगांव जोड़ा तालाब के पास से बिना नंबर का ट्रैक्टर जप्त किया है, जिसमें अवैध रूप से खनन किया गया कोयला लदा था। पुलिस के अनुसार जप्त किए गए माल की कीमत 6 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया।

मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पता चला कि कोयले का अवैध खनन सोहागपुर और बुढार की सीमा पर स्थित नवलपुर सोन नदी के किनारे से किया जा रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, नवलपुर सोन नदी के किनारे माफियाओं ने खदानें खोद रखी हैं, जहां दिनभर मजदूर अवैध खनन करते हैं।

धनगांव, कंचनपुर, धुरवार और जमुआ मारुति शोरूम के पीछे भी अवैध कोयला निकाला जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस और खनिज विभाग को कई बार सूचना दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि पुलिस ने चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# विचार


## पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते यूपी सर्वाधिक लाभान्वित राज्य

उत्तर प्रदेश में पर्यटन के साथ हॉस्पिटैलिटी सेक्टर भी बूम पर है। हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक लाभान्वित राज्य है। ग्लोबल हायरिंग इनडीड की एक रिपोर्ट के अनुसार 2023 में टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की रिक्तियों में 50 फीसद की वृद्धि देखी गई। अगले कुछ वर्षों तक इसमें 24 फीसद तक की और वृद्धि संभव है। इसका स्वाभाविक लाभ अयोध्या, वाराणसी, ब्रज और जेवर आदि और इनके आसपास के शहरों को मिलेगा। मसलन, राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद से ही अयोध्या हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का पसंदीदा स्थल बन कर उभरा है। कई नामचीन ब्रांड वहां होटल बनाने को लालायित हैं। ताज सहित दो दर्जन से अधिक होटलों के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। स्थानीय होटल भी अपनी क्षमता के अनुसार अपनी प्रॉपर्टी के विस्तार और बेहतरी में लगे हैं। अयोध्या तो इसका उदाहरण मात्र है। पर्यटकों की पसंद की अन्य जगहों पर भी कमोबेश यही स्थित है। एशिया का सबसे बड़ा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी तेजी से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के पसंदीदा स्थल के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा तो पर्यटन को स्थानीय लोगों से जोड़कर इसे जन उद्योग बनाने की है। इसीलिए वह प्रयागराज के महाकुंभ और मकर संक्रांति से लेकर करीब महीने भर तक गोरखनाथ मंदिर परिसर में चलने वाले खिचड़ी मेले तथा ऐसे ही अन्य अवसरों के लिए कह चुके हैं कि स्थानीय लोग पर्यटकों, श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार से इसे ब्रांड बनाएं। सरकार अपनी ओर से इस बाबत जो संभव है, वह कर रही है। प्रदेश में हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म के सेक्टर में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में होटल्स के निर्माण में कुछ और छूट देने की भी सोच रही है। जगह के मानकों को लेकर कुछ छूट दी भी गई है। होम स्टे को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, फूड एंड बेवरेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है। पर, प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए।

# आखिर चुनावी रेवड़ी को परिभाषित करना इतना मुश्किल क्यों है?

**कमलेश पांडेय**

**दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा करते वक्त मुय चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चुनावी रेवड़ी या है, इसे परिभाषित करना मुश्किल है। चूंकि इस मुद्दे पर आयोग के हाथ बंधे हुए हैं। इसलिए, कानूनी उपाय ढूंढे जाएं। हालांकि, उनकी इस साफगोई से हमारी संसद और हमारे संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट, दोनों की जिमेदारी बढ़ चुकी है। वह यह कि वो जल्द से जल्द इस मसले पर व्याप्त कानूनी असमंजस को दूर करने के लिए एक नेक पहल करें। वहीं, अब तक ऐसा नहीं होना निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर एक गभीर सवालिया निशान छोड़ जाता है। योंकि जब इस मसले पर स्पष्ट नियमन होंगे तो इसका उल्लंघन करने वाले राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को कानून के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा।**



हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की बात से अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आजादी और गणतंत्र बनने के इतने दशकों बाद भी हमारे सत्ता पक्ष या विपक्ष ने कभी इस मुद्दे पर स्पष्ट नियमन बनाने की पहल ही नहीं की, ताकि दुविधाजनक कानूनी परिस्थितियों से चुनावी लाभ उठाते रहा जाए। जबकि, मीडिया में इस बारे में जब-तब बहस होती रहती है, और सर्वोच्च न्यायालय में भी इस बारे में कुछ जनहित दायर है, जिस पर दो टूक निर्णय की प्रतीक्षा देशवासियों को है। लेकिन वर्ष 2018 से अब तक इस पर स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया है। यह गम्भीर बात है, क्योंकि इससे इस अहम मसले पर राजनेताओं और सम्बन्धित पेशेवरों द्वारा जितने मुंह, उतनी बातें की जा रही हैं जिससे मतदाता भी असमंजस में हैं। इसके उलट जिन्हें फ्रीबीज यानी मुफ्त की चुनावी रेवड़ी का लाभ मिल रहा है, उनकी तो बल्ले बल्ले है। वहीं, जिन करदाताओं की जेबें तरह-तरह के टैक्स के माध्यम से हर रोज काटी जा रही हैं और सरकार प्रदत्त जनसुविधा भी नदारत या नाकाफी दिख रहीं हैं, उनके दिलोदिमाग में इस सियासी प्रवृत्ति को लेकर अनेक सवाल उठ रहे हैं।

वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने भी गत दिनों फ्रीबीज मामले पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि राज्यों के पास उन लोगों को 'मुफ्त सौगात' देने के लिए पर्याप्त धन है, जो कोई काम नहीं करते। लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य के पास मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं है। राज्य सरकारों के पास उन लोगों के लिए पूरा पैसा है, जो कुछ नहीं करते; लेकिन जब जजों की सैलरी की बात आती है तो वे वित्तीय संकट का बहाना बनाते हैं।

बता दें कि जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ से जुड़ी एक याचिका के निपटारे के क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। तब सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की कि, राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ की ओर से 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। जबकि, अटार्नी जरनल आर वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि, यह 'दयनीय' है कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच पेंशन मिल रही है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब दिल्ली चुनाव में फ्रीबीज की बहार है। आम आदमी पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनी तो महिलाओं को 2100 रुपए हर महीने मिलेंगे। जबकि कांग्रेस 2500 रुपए देने की बात कह रही है। वहीं, भाजपा भी इसी तरह का ऐलान जल्द करने वाली है।

उधर, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही पूरे दिल्ली में %रेवड़ी पर चर्चा% अभियान की शुरूआत कर दी थी। इस मौके पर उन्होंने दो टूक कहा था कि जनता का पैसा, जनता की रेवड़ी, तो उस पर हक़ भी जनता का ही है। केजरीवाल ने कहा कि, %पीएम मोदी ने कई बार कहा है कि केजरीवाल मुफ़्त की रेवड़ी दे रहे हैं और इसे बंद किया जाना चाहिए। जबकि केजरीवाल खुलेआम कह रहा है कि हम ये रेवड़ी दे रहे हैं। अब दिल्ली के लोगों को तय करना है कि उन्हें ये रेवड़ी चाहिए या नहीं। उन्होंने आगे चेताया कि, अगर बीजेपी जीतती है तो वे ये योजनाएं बंद कर देगी। क्योंकि बीजेपी ने अपने और अपने गठबंधन द्वारा शासित राज्यों में ये रेवड़ियां लागू नहीं की हैं। हालांकि उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने दो टूक कहा कि, ये मुफ़्त की रेवड़ी नहीं हैं बल्कि ये करदाताओं के पैसे से लागू की गई योजनाएं हैं।

वहीं, चुनाव आयोग ने भी इस मुद्दे पर कहा था कि, जिसे आप सामान्य भाषा में %फ्रीबीज़% यानी मुफ़्त की चीज़ें कह रहे हैं, वे महामारी जैसे दौर में लोगों की जान बचा सकती हैं। हो सकता है एक वर्ग के लिए जो अतार्किक हो वो दूसरे वर्ग के लिए ज़रूरी हो।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक पार्टियों और मुफ़्त में सुविधाएं दिए जाने का ज़िक्र करते हुए एक बार कहा था कि, इस तरह के वादे करके वोटरों को लुभाना राष्ट्र निर्माण नहीं, बल्कि राष्ट्र को पीछे धकेलने की कोशिश है। अगर राजनीति में ही स्वार्थ होगा तो कोई भी आकर पेट्रोल-डीज़ल भी मुफ़्त देने की घोषणा कर सकता है। ऐसे क़दम हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनेंगे। देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे। ऐसी स्वार्थभरी नीतियों से देश के ईमानदार करदाता का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा। ये नीति नहीं %अनीति% है। ये राष्ट्रहित नहीं, ये राष्ट्र का अहित है।

एक बार पीएम मोदी ने बुंदेलखंड-एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश के जालौन में तो यहां तक कह दिया था कि, आजकल हमारे देश में मुफ़्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ़्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें ख़रीद लेंगे। हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।

वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि, कहा जा रहा है कि अगर सरकारें जनता को फ्री में सुविधाएं देंगी तो सरकारें कंगाल हो जाएंगी। देश के लिए बहुत आफ़त पैदा हो जाएगी। इन सारी फ्री की सुविधाओं को बंद किया जाए। इससे मन में एक शक पैदा होता है कि कहीं केंद्र सरकार की आर्थिक हालत बहुत ज़्यादा खराब तो नहीं हो गयी है। अचानक ऐसा क्या हो गया कि इन सारी चीजों को बंद करने, वापस लेने या इनका विरोध करने की स्थिति आ गई। इससे दो कदम आगे बढ़कर उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने करोड़पति उद्योगपतियों के दस लाख करोड़ रुपए के कर्ज़ माफ़ किए थे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा था कि, जब 2014 में केंद्र सरकार का बीस लाख करोड़ का बजट होता था। और आज केंद्र सरकार का बजट लगभग चालीस लाख करोड़ का है तो ये सारा पैसा जा कहां रहा है। इन्होंने बहुत अमीर लोग जो अरबपति हैं, उनके दस लाख करोड़ रुपये के कर्ज़े माफ कर दिए। अगर ये हज़ारों लाखों करोड़ों रुपये के कर्ज़े माफ़ नहीं किए जाते तो इन्हें खाने-पीने की चीज़ों पर टैक्स लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ती।卐 यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि एक बार कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब ट्वीट किया था। जिसके अनुसार 2017 से लेकर 2022 के बीच बैंकों ने क़रीब 10 लाख करोड़ रुपये के कर्ज़ माफ़ किए हैं। तब उनका कहना था कि सरकार मध्यवर्ग के करदाताओं को लूट रही है। लिहाजा इसी का ज़िक्र अरविंद केजरीवाल ने भी किया था, जो सही है।

वहीं, चुनाव अभियानों में राजनीतिक पार्टियों के मुफ़्त चीज़ें और पैसे देने के वादों से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे %एक गंभीर मुद्दा% बताया है। वर्ष 2022 में ही एक याचिका पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन चीफ़ जस्टिस एनवी रमन्ना और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने कहा था कि- ये एक गंभीर मुद्दा है।

# यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के ख़ान-पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेज़ी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया के बारे में तो




विश्व भर में सब जानते ही हैं।

यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी।

आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है।

भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं।

# जमीन विवाद में झड़प, पत्रकार परिवार के 3 लोग की मौत

## खेती करने पर रिश्तेदारों ने ही कुल्हाड़ी-लाठी से किया हमला





**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में जमीन विवाद में 3 लोगों की जान चली गई। दो गुटों में हिंसक झड़प हुई जिसमें एक ही परिवार के पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। मारे गए तीनों लोग स्थानीय पत्रकार के परिवार के बताए जा रहे हैं।मामला, प्रतापपुर थाना इलाके का है।

जानकारी के मुताबिक, जगन्नाथपुर गांव में शुक्रवार को संयुक्त खाते की जमीन को लेकर परिवार के दो पक्षों में विवाद चल रहा था। विवादित भूमि पर उमेश टोप्पो, नरेश टोप्पो (30 साल) अपनी मां बसंती टोप्पो (55 साल) और पिता माघे टोप्पो (57 साल) के साथ खेती करने पहुंचे। इसी बीच दोपहर करीब 1 बजे माघे टोप्पो के भाई के परिवार के 6-7 लोग भी पहुंच गए।

**विवाद के बाद कुल्हाड़ी से हमला, 3 की मौके पर मौत:** इस दौरान खेती करने को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर में विवाद हिंसक झड़प में बदल गई। दूसरे पक्ष ने माघे टोप्पो के परिवार पर कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट आने से बसंती टोप्पो और नरेश टोप्पो की मौके पर मौत हो गई।

वहीं, माघे टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गया। माघे को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर लाया गया। यहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हमले के दौरान माघे के एक और बेटे उमेश टोप्पो ने भागकर जान बचाई और ग्रामीणों को सूचना दी।

**वारदात के बाद आरोपी भागे:** घटना के बाद आरोपी भाग निकले। सूचना मिलने पर खड़गवां चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल की टीम मौके पर पहुंची।

प्रतापपुर से भी पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। बताया गया कि, विवादित जमीन जगन्नाथपुर कोल माइंस के सामने है। हमलावरों ने खेती करने से मना किया था। दूसरा परिवार खेती करने के लिए पहुंचा, तो विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**एसडीएम कोर्ट में भी चल रहा था मामला:** जिस जमीन को लेकर बवाल हुआ उसमें पहले हमलावर परिवार खेती-बाड़ी करता था। हालांकि लंबे समय से एसडीएम कोर्ट प्रतापपुर में मामला विचाराधीन था। इसके बाद कोर्ट से मृतक परिवार के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। फैसले के बाद पीड़ित परिवार खेती बाड़ी करने पहुंचा इसी दौरान उन पर हमला हो गया।

## रायगढ़ में मिली एक परिवार की 3 लाशें

### घर में जिंदा जली महिला और डेढ़ साल की बेटी, पति की लाश पेड़ पर लटकी मिली



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** रायगढ़ के एक घर में महिला और उसकी डेढ़ साल की बेटी जिंदा जल गई। वहीं घर से कुछ दूर पेड़ पर महिला के पति की लाश भी लटकी मिली है। गुरुवार देर रात कमतरा गांव में ये घटना हुई है। मामला घरघोड़ा थाना इलाके की है।

जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान सुरेश कुमार गुप्ता, पत्नी चांदनी गुप्ता और बेटी आकांक्षा गुप्ता के रूप में हुई है। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर पर जांच और पूछताछ कर रही है।

**विवाद के बाद जिंदा जलाकर फांसी लगाने की आशंका:** घटना रात करीब साढ़े 10 बजे की है। सुरेश गुप्ता घर में ही बीड़ी-सिगरेट की दुकान चलाता था साथ ही पेट्रोल भी बेचता था। एसडीओपी धर्मजयगढ़ सिद्धांत तिवारी ने बताया कि, 3 डेडबॉडी मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची है लोगों से पूछताछ कर रही है। आशंका है जताई जा रही है कि, खाना मांगने की बात पर सुरेश का पत्नी से विवाद हुआ होगा और सुरेश ने घर में आग लगाने के बाद खुद बाहर जाकर फांसी लगा ली।

**महिला के पिता ने कहा- ये हादसा है:** हालांकि, मृतका के पिता प्रेम अग्रवाल का कहना है कि पति पत्नी के बीच अच्छे संबंध थे। बुधवार को सुरेश गुप्ता अपनी पत्नी चांदनी और बेटी आकांक्षा को उसके मायके से लेकर लौटा था। महिला के पिता का यह भी कहना है कि, उसके दामाद ने उन्हें जानबूझकर नहीं जलाया है। हो सकता है ये हादसा हुआ हो।

# सरगुजा, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में शीतलहर

## यहां रात का तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक कम, मैनपाट में ओस की बूंदें जमकर बनी बर्फ



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** उत्तर भारत से आ रही शुष्क हवा (ड्राई एयर) के कारण छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में शीतलहर चल रही है। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक कम है। अंबिकापुर के मैनपाट में रात का पारा 1.2 डिग्री तक पहुंच गया। मैदान में घास के ऊपर ओंस की बूंदें जमकर बर्फ बन रही हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक 24 घंटे तक रात के तापमान में विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। उसके बाद रात के तापमान में 2 से तीन डिग्री पारा चढ़ेगा, गुरुवार को बलरामपुर में रात का पारा 3.7 डिग्री रहा।

**रात का तापमान सामान्य 5 डिग्री तक कम:** लगातार शुष्क हवा के आने से प्रदेश के उत्तरी हिस्से में रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कई हिस्से शीतलहर की चपेट में हैं। यहां रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे चला गया है।

अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री रहा जो नॉर्मल से 4.6 डिग्री रिकार्ड कम था। इसी के साथ कोरिया में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बिलासपुर संभाग में जीपीएम जिला सबसे ठंडा रहा यहां रात पारा 5 डिग्री रहा जो औसत से 5.5 डिग्री कम था।

**मैदानी इलाके में दुर्ग सबसे ठंडा:** मैदानी इलाकों में दुर्ग संभाग सबसे ठंडा है। गुरुवार को दुर्ग में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5.7 डिग्री कम था। दुर्ग जिले में शीतलहर जैसी स्थिति है। हालांकि दिन का तापमान 26.2 डिग्री बना हुआ है जो औसत से 1 डिग्री कम है। राजनांदगांव में भी रात का पारा 9 डिग्री रहा जो सामान्य से 5.7 डिग्री कम था।

**रायपुर में न्यूनतम तापमान औसत से 1 डिग्री कम:** आज मौसम साफ रहेगा और रात का पारा 13 डिग्री के आस-पास रहने की संभावना है। गुरुवार को अच्छी ठंड रही। 12.3 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 1.1 डिग्री कम था। वहीं अधिकतम तापमान 28 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## मंत्री के प्रयासों से एमसीबी में मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रारंभ, 17 लोगों को मिली नेत्र ज्योति



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रारंभ हो गया है। डॉ अविनाश खरे,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक व डॉ पुष्पेंद्र सोनी डॉ एस एस सिंह बीएमओ के मार्ग दर्शन में सोमवार को 17 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन डॉ आर.एस.सेंगर नेत्र विशेषज्ञ द्वारा किया गया।

ज्ञात हो कि विगत जुलाई माह में बारिश के करण ऑपरेशन थियेटर में नमी आ जाने के कारण ऑपरेशन को बंद किया गया था, ओटी की रिपेयरिंग कराने के बाद कल्चर निगेटिव आने के बाद ओटी में ऑपरेशन शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा डॉ मनोज सिंह आई सर्जन बिलासपुर और डॉ उमा खापर्डे अपनी सेवाएं जिला चिकित्सालय में दे रहे हैं। अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा, इसके साथ ही आवश्यक दवाई संसाधन की व्यवस्था भी की जा रही हैं।

**नेत्र ऑपरेशन में डॉ सेंगर के अलावा:** आर. डी. दीवान सहायक नोडल अधिकारी,(अंधत्व), किरण वर्मा,अल्पना पटेल,प्रियंका साहू, दशरथ राम, रामकरण साहू, रजनीश कुमार, एवं गिरधारी ने सफल नेत्र ऑपरेशन में सहयोग दिया।

## प्रतिबंध के बाद भी पेंट्रीकार में बन रहा भोजन

### नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस में हीटर से पका रहे था खाना, आरपीएफ ने मैनेजर को किया गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** प्रतिबंध के बाद में ट्रेनों की पेंट्रीकार में खाना पकाया जा रहा है। नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस में इलेक्ट्रिक हीटर का इस्तेमाल कर भोजन बनाने का मामला सामने आया है, जिस पर आरपीएफ ने पेंट्रीकार के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान इलेक्ट्रिक हीटर को भी जब्त किया है।

दरअसल, 12767 नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस एलएचबी के बजाए पुराने कोच से चलती है। जिसके चलते ट्रेनों में फायर सेफ्टी के मद्देनजर इसकी जांच की गई। इस दौरान गाड़ी प्लेटफार्म नंबर 3 पर खड़ी थी। आरपीएफ के डिटेक्टिव विंग की टीम ने जांच के दौरान पाया कि पेंट्रीकार में इलेक्ट्रिक हीटर का इस्तेमाल कर भोजन बन रहा था। इस दौरान कटक जिला के गोपालपुरा निवासी मैनेजर शंकर स्वाई से पूछताछ की गई, तब वो गोलमोल जवाब देकर बहानेबाजी करने लगा। जिस पर मैनेजर के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 153 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**सुरक्षा को दरकिनार कर मनमानी:** दरअसल, एक्सप्रेस ट्रेनों के पेंट्रीकार में भोजन बनाना प्रतिबंध कर दिया गया है। लिहाजा, अब पेंट्रीकार में गैस चूल्हा सहित कोई भी इंधन का उपयोग नहीं किया जा सकता। यह सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक हो सकता है। इससे ट्रेनों में आग लगने की भी आशंका बनी रहती है। लेकिन, मैनेजर नियमों को ताक पर रखकर मनमानी कर रहा था। यही वजह है कि उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

## संयुक्त टीम ने अवैध धान परिवहन करने वाले पर की जब्ती की कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** केल्हारी तहसीलदार करमचंद जाटवर के जानकारी अनुसार विगत दिवस छेरता धार पसौरी बेरियर में सायं 8:45 बजे निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक राम प्रताप सिंह के द्वारा मध्य प्रदेश से सीमा अनिल चक्रधारी पिता भण्डारी लाल चक्रधारी निवासी बंधवा टोला तहसील कोतमा जिला अनूपपुर के द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 ए ए 1683 में 108 बोरी बिना अनुमति के अवैध धान परिवहन करने पर जब्ती की कार्यवाही की गयी। जिसका पंचनामा तैयार कर जब्त की गयी धान को धान खरीदी केन्द्र डोडकी प्रभारी के सुपुर्द किया गया। इस जब्ती की कार्यवाही में राजस्व एवं पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई। तहसीलदार के सी. जाटवर, थाना प्रभारी टिकेश्वर यादव, राजस्व निरीक्षक राम प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक ललित यादव एवं पटवारी सूरज किस्पोट्टा का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षक के घर 5 लाख की चोरी, दरवाजे की कुंडी तोड़कर घुसे चोर, जेवर और नगदी ले गए, सीसीटीवी बंद था





**जांजगीर-चांपा**

जांजगीर चांपा जिले में एक शिक्षक के घर से चोरों ने लगभग 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 12 हजार रुपए की नगदी चुरा ली। घटना वार्ड नंबर 18 केनाल सिटी के पास की है, जहां चोरों ने घर के दरवाजे की कुंडी तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

शिक्षक नंद कुमार कश्यप और उनकी पत्नी अनुराधा गुरुवार सुबह 10 बजे नैला स्थित ससुराल गए थे। जब वे शुक्रवार सुबह 9 बजे घर लौटे, तो दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली और घर का सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से सोने का हार, अन्य जेवरात और नगदी गायब थी।

सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम से फिंगरप्रिंट लिए और डॉग स्क्वायड की मदद भी ली। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद होने के कारण कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

शिक्षक नंद कुमार कश्यप ने बताया कि नैला में अपने ससुराल पत्नी अनुराधा कश्यप के साथ गुरुवार की सुबह करीबन 10 बजे गए हुए थे और रात को वही रुके हुए थे। घर के सभी दरवाजे में तला लगा हुआ था सीसीटीवी कैमरे भी लगा हुआ था। शुक्रवार की सुबह करीबन 9 बजे नैला से अपने घर पहुंचे, घर के सामने का दरवाजे में लगा कुंडी टूटा हुआ था। घर के अंदर समान पूरे कमरे में बिखरा हुआ था। अलमारी में रखे सोने का हार, अन्य सोने चांदी के जेवर और नगदी रकम 12 हजार रुपए की चोरी हुई है।

# अवैध पीडीएस चावल की काला बाजारी जोरो पर



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी चिरमिरी निप्र।** देश के गरीब कस्बों के लिए सरकार? बड़ी बड़ी कवायदें करती है, तमाम तरह के वायदे किए जाते हैं, शासन प्रशासन तरह तरह के योजनाओं को स्वीकृति देती है जिससे कि समाज के गरीब श्रेणी के लोगों को जीवन यापन में कुछ राहत मिल सके, मगर इसके बावजूद बड़े ही सेटिंग से साम दाम दण्ड भेद करते हुए समाज के नामचीन नामी गिरामी अवैद्य कारोबारियों द्वारा समाज हित कार्यों को अपने स्वार्थ के लिए काले धंधे में ढाल दिया जाता है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नज़र नहीं आता, स्वाभाविक सी बात है, जब इस कालाबाजारी के खेल में सबके हिस्से बंटे होंगे तो फिर क्यों इस बढ़िया कमाऊ खेल को खराब किया जाए? क्या ये सत्य नहीं है? यदि ऐसा नहीं है तो इन सब मामलों पर कार्यवाही करने से ज़िम्मेदार अधिकार मुंह फेरते और नज़रंदाज़ करते नज़र क्यों आते हैं और ऐसे मामलों पर उच्च स्तरीय जांच क्यों नहीं की जाती और ठोस कार्यवाही क्यों नज़र नहीं आती है?

कुछ ऐसा ही वाकया जिला एमसीबी के नगर पालिक निगम चिरमिरी शहर में देखा जा रहा है। इन दिनों चिरमिरी में अवैध कार्य करने वालों का हौसला काफी बुलंद है खुले आम अवैध कार्यों कर शासन प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे है हम आपको बता दें कि कल दिनांक 8 जनवरी को हमारे संवाददाता को जानकारी मिली कि हिरागिर दफाई हल्दीबाड़ी चिरमिरी में एक व्यक्ति खुले आम घरों में जा कर अपनी वाहन में शासन द्वारा गरीबी रेखा कार्ड से मिलने वाली राशन पीडीएस चावल को खरीद कर अपने वाहन में ले कर जा रहा है जिस पर तुरंत हमारे संवाददाता के पहुंचने पर एक छोटा हाथी वाहन उसमें पीडीएस चावल भरा मिला जो कि आशीष गुप्ता नामक व्यक्ति के द्वारा ले जाया जा रहा था। जब उनसे पूछताछ की गई तो उसके द्वारा दबंगों को कॉल कर उक्त स्थान में बुला कर हमारे संवाददाता को डरा धमाका कर गाड़ी को जबरजस्ती ले कर भाग गए।

जबकि हमारे संवाददाता द्वारा तहसीलदार एवं एसडीएम को कॉल के माध्यम से जानकारी देने की कोशिश भी की गई लेकिन तहसीलदार एवं एसडीएम से संपर्क ना हो पाने पर चिरमिरी पुलिस को कॉल कर जानकारी प्रदान की गई लेकिन देरी हो जाने के कारण दबंग गाड़ी ले जाने में कामयाब हो गए। ड्राइवर आशीष गुप्ता को इससे पहले भी अवैध पीडीएस चावल संचालन में पकड़ा गया था फिर भी किसका आशीर्वाद मिला हुआ है कि बिना किसी डर भय के खुले आम पीडीएस का चावल अवैध रूप से खरीद राइस मिलों में बेच रहा है ।

## विश्व हिंदी दिवस पर विशेष संपादकीय

# छत्तीसगढ़ के साथ विश्व स्तर पर दिख रहा हिन्दी भाषा का प्रभाव : महेन्द्र सिंह




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाने वाला विश्व हिंदी दिवस हिंदी भाषा की महत्ता को समर्पित एक विशेष अवसर रहता है। यह दिन हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व और उसकी समृद्धि को उजागर करता है। हिंदी जो भारत की राजभाषा है, अब सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली भाषा बन चुकी है। इस विषय में छत्तीसगढ़ सरकार की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि यहां हिंदी भाषा को न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जा रहा है, बल्कि इसे आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रोत्साहित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने राज्य में हिंदी के साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य किए हैं। राज्य में हिंदी को शिक्षा, प्रशासन और सरकारी कार्यों के माध्यम से प्रमुखता दी गई है। हिंदी में सरकारी दस्तावेजों का प्रचार-प्रसार, योजनाओं की जानकारी और प्रशासनिक कार्यों की संचालन विधि यह सब छत्तीसगढ़ में हिंदी के सम्मान और प्रभाव को बढ़ाते रहे हैं।

**शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हिंदी का रहता है महत्वपूर्ण योगदान:** छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा प्रणाली में भी हिंदी को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। राज्य के स्कूलों और विश्वविद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाता है, जिससे छात्रों को अपनी मातृभाषा में सशक्त शिक्षा मिल सके। इसके अलावा हिंदी साहित्य और कविता के अध्ययन के माध्यम से छात्र हिंदी भाषा और संस्कृति से जुड़ते हैं। राज्य सरकार द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यशालाएं, कवि सम्मेलनों और संगोष्ठियों में हिंदी के प्रमुख लेखकों और कवियों को आमंत्रित किया जाता है, ताकि हिंदी साहित्य की समृद्धि और विस्तार हो सके। हिंदी के प्रचार-प्रसार में मीडिया का भी महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य के स्थानीय मीडिया जैसे कि टीवी चौनल्स, रेडियो स्टेशन, और समाचार पत्रों ने हिंदी में सूचना और मनोरंजन के माध्यम से सरकारी योजनाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी पहुंचाई है।

**हिंदी भाषा छत्तीसगढ़ की लोक साहित्यिक की धरोहर:** छत्तीसगढ़ की लोक साहित्य और हिंदी साहित्य के बीच गहरा संबंध है। यहां के लोक साहित्य, गीत और काव्य रचनाएं हिंदी भाषा के माध्यम से ही प्रसारित होती हैं। राज्य सरकार ने लोक साहित्य को संरक्षित करने और उसे बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। लोक कवियों और साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है, और उनके कार्यों को व्यापक रूप से प्रचारित किया जाता है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सरकार ने हिंदी को व्यावसायिक रूप में प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी नौकरियों में हिंदी को प्रमुख भाषा के रूप में अपनाया है। इस प्रकार हिंदी को एक सक्षम और प्रभावशाली भाषा के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**हिंदी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए किया जा रहा प्रयास:** वही केन्द्र की सरकार न केवल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कई कदम उठा रही है। विभिन्न देशों में हिंदी सम्मेलनों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें भारत के हिंदी साहित्यकार और संस्कृति प्रेमी भाग लेते हैं। इस प्रकार हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त पहचान मिल रही है।

**डिजिटल प्लेटफार्म पर भी दिख रहा हिंदी का प्रभाव:** डिजिटल युग में केन्द्र सरकार ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफार्मों का भरपूर उपयोग किया है। सभी राज्यों की वेबसाइटों, मोबाइल एप्लिकेशनों और सोशल मीडिया पर हिंदी में सेवाएं और जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे राज्य के नागरिकों को उनकी अपनी भाषा में सुविधाएं मिल रही हैं, और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उनके पास सहजता से पहुंच रही है।

**हिंदी भाषा में अब हो रहा शोध और अनुसंधान:** वही छत्तीसगढ़ राज्य में हिंदी भाषा में शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की गई हैं। राज्य के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदी साहित्य पर शोध कार्य को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा हिंदी में लिखी गई किताबों और शोधपत्रों को मान्यता देने के लिए पुरस्कारों और अनुदानों की व्यवस्था की गई है, जिससे हिंदी के समृद्ध साहित्यिक धरोहर का निर्माण हो सके।

**हिंदी भाषा का सामाजिक सशक्तिकरण में हो रहा महत्वपूर्ण योगदान:** हिंदी भाषा का सामाजिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हिंदी के माध्यम से राज्य के नागरिकों, खासकर महिलाओं, आदिवासी समुदाय और पिछड़े वर्गों को उनके अधिकारों और सामाजिक स्थिति के प्रति जागरूक किया है। हिंदी भाषा ने राज्य में एकता और विविधता के बीच सामंजस्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा का दिख रहा प्रभाव:** हिंदी केवल भारत में ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिससे विदेशों में भी हिंदी बोलने वालों की संख्या लगभग लाखों में है। जैसे नेपाल, मॉरीशस, फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों में हिंदी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इन देशों में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है, जो हिंदी भाषा का उपयोग करते हैं। हिंदी का योगदान केवल एक भाषा के रूप में नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, समाज और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन चुकी है। भारत में हिंदी की लोकप्रियता और प्रभाव हर दिन बढ़ रहा है, और यह समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से हिंदी को बढ़ावा मिल रहा है, और राज्य में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

हिंदी के वैश्विक प्रभाव और छत्तीसगढ़ सरकार के योगदान से यह स्पष्ट होता है कि हिंदी का भविष्य उज्जवल है, और इसके विस्तार और प्रभाव के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## राउत बोले-कांग्रेस बताए इंडिया. ब्लॉक वजूद में है या नहीं

**मुंबई ( एजेंसी )।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा, %मैं उमर अब्दुल्ला से सहमत हूं। यदि इंडिया.. ब्लॉक के सहयोगियों को लग रहा है कि अब इसका कोई वजूद नहीं है तो इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, %अगर गठबंधन सिर्फ लोकसभा के लिए था और अब इसका वजूद नहीं है तो कांग्रेस इसकी घोषणा कर दे, हम अपने-अपने रास्ते चुन लेंगे। लेकिन मैं बता दूं कि अगर एक बार इंडिया ब्लॉक टूट गया तो दोबारा नहीं बन पाएगा, इसलिए पहले ये सोच लें कि आगे क्या होगा।% राउत जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान पर बात कर रहे थे। उमर ने गुरुवार को कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप। 1. सहयोगियों को शंका कि गठबंधन में सब ठीक है या नहीं हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़े और अच्छे नतीजे मिले। आगे की योजना के लिए कांग्रेस को इंडिया.. ब्लॉक की बैठक करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे सहयोगियों के मन में शंका है कि इंडिया. ब्लॉक में सब कुछ ठीक है या नहीं।

## अहमदाबाद में 8 साल की बच्ची को कार्डिएक अरेस्ट

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** अहमदाबाद के निजी स्कूल में शुक्रवार को 8 साल की बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी राणपरा सुबह की पारी में करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। सीढ़ियां चढ़ते वक्त उसके सीने में अचानक दर्द उठा। दर्द के बाद बच्ची लॉबी की बेंच पर बैठ गई और कुछ ही सेकेंड्स में जमीन पर गिर गई। थलतेज इलाके के स्कूल स्टाफ ने बच्ची को हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में बच्ची की मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया गया है। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया कि स्टाफ ने 108 एम्बुलेंस पर कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस के स्कूल तक आने में देरी हो रही थी। इसके चलते गार्गी को स्टाफ कार से जायडस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। गार्गी के माता-पिता मुंबई में रहते हैं। वह अहमदाबाद में दादा-दादी के पास ही रहती थी। घटना के बाद पुलिस ने स्कूल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी स्कूल की जांच की है। गार्गी पूरी तरह स्वस्थ थी। जायडस हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने कार्डिएक अरेस्ट की आशंका जताई है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी।

## एमपी में पूर्व विधायक के घर से 2 मगरमच्छ रेस्क्यू

**सागर ( एजेंसी )।** वन विभाग की टीम ने सागर में भाजपा पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के घर से 2 मगरमच्छ रेस्क्यू किए हैं। वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों मगरमच्छ को मेडिकल जांच के बाद किसी डैम में छोड़ा जाएगा। सागर में बीड़ी और कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश केशरवानी और पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के ठिकानों पर की गई छापेमारी में आयकर विभाग ने करीब 150 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है। टीम को फर्म में साझेदारी करने वाले राठौर के भाई और परिजनों के यहां से बड़ी मात्रा में सोना और कैश मिला था। छापे के दौरान पूर्व विधायक के घर पर 3 मगरमच्छ होने की सूचना मिली।

# मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय आईएफएस मीट और वानिकी सम्मेलन का शुभारंभ

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के पन्ना जैसे क्षेत्र जहां वन्य जीवों की स्थिति शून्य हो गई थी, वहां भी वन अधिकारियों के प्रयासों के परिणामस्वरूप वन्य जीवों की गतिविधियां पुन: आरंभ हुईं, यह अपनी सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है और वे बधाई के पात्र हैं। वर्तमान में प्रदेश के पास हीरा है, चीता है और अब तो गजराज भी मध्यप्रदेश का रूख कर रहे हैं। प्रदेश का वन क्षेत्र



समृद्ध है। वर्ष 2003 से 2021 के मध्य वन क्षेत्र में 1063 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसके आस-पास आसानी से टाइगर देखे जा सकते हैं। यह हमारे प्रदेश के लिए सुखद और पर्यावरण की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय सभागार में दो दिवसीय आई.एफ.एस (भारतीय वन सेवा) मीट और वानिकी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कर तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

## कोरोना वायरस जैसे एचएमपीवी के देश में 14 केस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के देश में कुल 14 मामले हो गए हैं। शुक्रवार को राजस्थान और गुजरात में एक-एक केस मिला। बारां में एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं। इससे पहले गुरुवार को 3 केस मिले थे। इनमें लखनऊ में 60 साल की महिला, गुजरात के अहमदाबाद में 80 साल का बुजुर्ग और हिम्मतनगर में 7 साल का बच्चा शामिल है। तीनों का इलाज चल रहा है। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है।

## मोदी बोले- मुझसे भी गलतियां होती हैं...मनुष्य हूं, देवता नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत के साथ पॉडकास्ट किया। 9 जनवरी को इसका ट्रेलर आया। शुक्रवार को पूरा वीडियो रिलीज किया गया। इसमें पीएम मोदी कहते हैं कि उनसे भी गलतियां होती हैं वे मनुष्य हैं, देवता नहीं। यह पीएम मोदी का पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू है। मोदी ने आगे कहा- मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो असफलता पर रोते हुए अपना जीवन बिता दूं। हर पल जोखिम उठाना पड़ता है। इस इंटरव्यू में पीएम दुनिया में युद्ध



की स्थिति, राजनीति में युवाओं की भूमिका, अपने पहले और दूसरे कार्यकाल के अनुभवों और व्यक्तिगत सोच पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। राजनीति में युवाओं के आने पर उन्होंने कहा कि युवा राजनीति में मिशन लेकर आएं, एंबिशन (महत्वाकांक्षा) लेकर नहीं।

वीडियो में कामत कहते हैं- मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है। इस पर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि- यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा।

पीएम मोदी ने भी ट्रेलर को पोस्ट करते हुए लिखा- मुझे आशा है कि आप सभी इसका उतना ही आनंद लेंगे।

## आतिशी का दावा- बीजेपी का सीएम चेहरा रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली सीएम आतिशी ने शुक्रवर को कहा, आज पूरी दिल्ली गाली-गलौज पार्टी से पूछ रही है कि उसका सीएम चेहरा कौन है। दिल्ली के लोग जानते हैं कि आप को वोट देकर अरविंद केजरीवाल सीएम बनेंगे। लेकिन वे पूछ रहे हैं कि भाजपा का सीएम चेहरा कौन होगा। विश्वसनीय सूत्रों से हमें पता चला है कि गली-गलोच पार्टी ने तय



किया है कि उसका सीएम चेहरा वह नेता होगा जो सबसे ज्यादा गाली देता है, जोकि रमेश बिधूड़ी हैं। उनका ये इनाम हैं। इससे पहले शुक्रवार सुबह दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। यह मार्च अशोक रोड से केजरीवाल के घर तक निकाला गया। भाजपा ने इसे पूर्वांचल सम्मान मार्च नाम दिया। भाजपा के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन के दौरान बैनर पोस्टर लेकर पहुंचे।

## डल्लेवाल बोले- मोदी से कहिए मांगें मानें, अनशन छोड़ दूंगा

**खनौरी बॉर्डर ( एजेंसी )।** खनौरी बॉर्डर पर अनशन पर बैठे डल्लेवाल वीडियो संदेश में बात करते हुए और अंबाला में प्रधानमंत्री का पुतला फूंकते किसान।

हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर 46 दिन से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने शुक्रवार (10 जनवरी) को एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी हमारी मांगें मानें तो मैं अनशन छोड़ दूंगा। अनशन करना कोई हमारा कारोबार तो नहीं है और न ही हमारा शौक है।' वहीं, आज संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं की 6 सदस्यीय



कमेटी 101 किसानों के साथ खनौरी बॉर्डर पर पहुंची। यहां पर एसकेएम के नेताओं ने खनौरी मोर्चे के नेताओं को एकता का वो प्रस्ताव सौंपा, जो मोगा की महापंचायत में पास किया गया था। किसान नेताओं ने डल्लेवाल से भी मुलाकात की। इसके बाद एसकेएम नेता शंभू बॉर्डर रवाना हो गए।

इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी अहंकार छोड़कर किसानों की सुन लें।

इसके अलावा, एसकेएम ने पूरे देश में आज केंद्र सरकार के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले फूंके। बता दें कि किसान फसलों पर एमएसपी की गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर पिछले 11 महीने से आंदोलन कर रहे हैं।

## दिल्ली चुनाव पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। मीटिंग के लिए नड्डा के घर पर गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। मीटिंग के बाद भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा- मीटिंग में हमें जेपी नड्डा और अमित शाह से संगठन को लेकर जरूरी निर्देश मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीटिंग में दिल्ली विधानसभा चुनाव के कैंडिजेट को लेकर चर्चा हुई। पार्टी करीब 30 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जल्द जारी कर सकती है।

## जिंदा लौटा मजदूर बोला- सुरंग में सीधा लेट गया, पानी के प्रेशर ने बाहर फेंक दिया

**गुवाहाटी ( एजेंसी )।** असम के दीमा हसाओ जिले में 3 किलो उमरंगसो इलाके में 6 जनवरी को 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी भर गया था। जिससे वहां काम कर रहे रैट होल माइनर्स फंस गए। इनमें से एक का शव बुधवार को मिला था। बाकी बचे 8 मजदूर के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार को भी जारी है।



कोल इंडिया ने असम की उमरांगसो कोयला खदान से पानी निकालने के लिए नागपुर से 500 जीपीएम (गैलन प्रति मिनट) का पंप मंगाया है। इस पंप को लगाने का काम अभी चल रहा है। नॉर्थईस्टर्न कोल फील्ड के जनरल मैनेजर के मेरे के मुताबिक इंस्टॉलेशन का काम तीन शिफ्ट में 24 घंटे तक चलेगा।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ...5 लाख श्रद्धालु आएंगे

**अयोध्या ( एजेंसी )।** अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने को तैयार है। 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन 3 दिनों में वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। 5 हजार मेहमानों की मेजबानी होगी, इनमें 110 वीआईपी गेस्ट होंगे। ट्रस्ट के मुताबिक, 5 लाख लोगों के आने का अनुमान है।

आयोजन की व्यवस्थाओं को देख रहे रामलला ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा- प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी को दर्शन-पूजन के लिए 2 लाख लोग



पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ खुद रामलला का अभिषेक करेंगे। इसके बाद महाआरती में शामिल होंगे। उन्होंने कहा- आम लोग भी भव्य कार्यक्रमों को देख सकेंगे।

## स्कूलों में बम की धमकी 12वीं के स्टूडेंट ने दी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकी एक 12वीं के स्टूडेंट ने भेजी थी। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी स्टूडेंट को हिरासत में लिया। उसने पूछताछ में बताया कि वह एग्जाम नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने ईमेल भेजा। स्कूलों को शक न हो इसलिए उसने अपने स्कूल के साथ-साथ दिल्ली के 23 स्कूलों को ईमेल में टैग किया। हालांकि, आरोपी स्टूडेंट किस स्कूल का है और उसने कब-कब कौन-कौन से स्कूलों को धमकाया था, इसकी जानकारी अभी जारी नहीं की गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्टूडेंट




इससे पहले भी 5 बार स्कूलों को धमका चुका है।

एएनआई ने बताया कि बुधवार को भी कुछ स्कूलों को फर्जी धमकियां दी गई थी। इसमें दिल्ली के वसंत विहार और आरके पुरम के डीपीएस, ब्लू बेल्स और टेगोर इंटरनेशनल स्कूल शामिल थे। धमकी के बाद इन स्कूलों में चेकिंग की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इन स्कूलों को इसी स्टूडेंट ने धमकी दी थी या नहीं यह अभी बताया नहीं गया है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्कूलों में भेजे ईमेल में स्टूडेंट ने लिखा था- स्कूल में प्रवेश करने वाले छात्रों के बैग की सख्त जांच न करने से हमें अपने प्लान को अंजाम देने का सही मौका मिला।

## कैलिफोर्निया की आग 40 हजार एकड़ में फैली

**लॉस एंजिलिस ( एजेंसी )।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में लगी आग में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। यह कैलिफोर्निया में अब तक की सबसे बड़ी आग है। पिछले 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। इसमें से 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है।

आग से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो चुकी हैं, जबकि 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने शनिवार तक आग के और फैलने की चेतावनी दी है। 1 लाख लोग बिना बिजली के जी रहे हैं।

हालातों पर लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला ष्टश्चह्व के समान) रॉबर्ट लूना ने कहा, आग देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो। जंगलों में लगी आग लगातार फैल रही है।

# सुखबीर बादल का अकाली दल प्रधान पद से इस्तीफा मंजूर


**चंडीगढ ( एजेंसी )।** पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल का शिरोमणि अकाली दल के प्रधान पद से दिया गया इस्तीफा शुक्रवार (10 जनवरी) को मंजूर हो गया। इसे लेकर चंडीगढ़ में अकाली दल की वर्किंग कमेटी की मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता वर्किंग प्रधान बलविंदर सिंह भूंदड़ ने की। एक मार्च को प्रधान पद के लिए चुनाव होगा। गुलजार सिंह राणिके को मुख्य चुनाव अधिकारी लगाया गया है। 20 जनवरी से 20 फरवरी तक मेंबरशिप मुहिम शुरू की जाएगी। 25 लाख मेंबरशिप का टारगेट रखा गया है।शिरोमणि अकाली दल का गठन 14 दिसंबर 1920 को हुआ था। इसके बाद से पार्टी के 20 प्रधान बने।



हालांकि, प्रकाश सिंह बादल के 1995 में पार्टी की कमान संभालने के बाद वह 2008 तक इस पद पर रहे। उसके बाद सुखबीर बादल को प्रधान बना दिया गया। 16 नवंबर 2024 को सुखबीर बादल ने इस्तीफा दे दिया था। अब 30 साल बाद ऐसा मौका आ रहा है कि बादल परिवार के बजाय कोई दूसरा अकाली दल का प्रधान बन सकता है। सुखबीर बादल को कुछ दिन पहले अकाल तख्त ने धार्मिक सजा सुनाई थी। जिसमें उन पर मुख्य रूप से 3 आरोप थे। इनमें पहला आरोप सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के मुखी राम रहीम को बेअदबी मामले में माफी देने का था। इसके अलावा उन पर सरकार में रहते हुए भी श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी न रोक पाने और आरोपियों पर कार्रवाई न कर पाने का था। इस सजा से पहले ही सुखबीर बादल ने प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया था।

# 17 राज्यों में घना कोहरा, दिल्ली में 120 फ्लाइट लेट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में तेज सर्दी के साथ घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह एमपी और यूपी समेत 17 राज्यों में घना कोहरा रहा। इस कारण कई राज्यों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। दिल्ली में धुंध के कारण 120 फ्लाइट लेट हुईं। 4 उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, कई ट्रेनें भी दिल्ली स्टेशन पर निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया की अब तक 26 ट्रेनें लेट हैं। यूपी के सभी 75 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। नोएडा में विजिबिलिटी जीरो रिकॉर्ड की गई। आगरा में ताजमहल 20 मीटर की दूरी से दिखाई नहीं दे रहा था। यहां कानपुर सबसे ठंडा जिला रहा। न्यूनतम



तापमान 4.4 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में शनिवार और रविवार को बर्फबारी हो सकती है। उधर, कश्मीर में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण ज्यादातर जगहों

# शेयर बाजार रही गिरावट, सेंसेस 78,000 के नीचे फिसला; निटी 50 अंक टूटा



**मुंबई (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार के कारोबारी दिन भी गिरावट का सिलसिला जारी है। वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 गुरुवार को गिरावट में खुले। कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज गुरुवार को अपनी तीसरी तिमाही के नतीजों का एलान करेगी। इसी के साथ कॉर्पोरेट अर्निंग्स का सीजन शुरू हो जाएगा। विशेषज्ञ का कहना है कि देसी कंपनियों के नतीजे बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को करीब 140 अंक की गिरावट लेकर 78,206 पर खुला। सुबह 10:30 बजे यह 241.13 की गिरावट लेकर 77,907 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी 86.8 अंक फिसलकर 23,602.15 अंक पर खुला। सुबह यह 65.10 अंक की गिरावट के साथ 23,623.85 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में लिस्टेड 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, जोमैटो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और एनटीपीसी के शेयर में सबसे अधिक गिरावट आई। वहीं कोटक महिन्द्रा बैंक, इंफोसिस, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स के शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे।

वहीं एशियाई बाजारों में बुधवार को गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजार दिन के बड़े उतार-चढ़ाव से उबरते हुए लगभग स्थिर बंद हुए। शुरुआती कारोबार में दोनों प्रमुख सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी, करीब 0.8 फीसदी तक गिर गए थे, लेकिन अंतिम दो घंटों में कुछ रिकवरी देखने को मिली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 50.62 अंक की मामूली गिरावट के साथ 78,148.49 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी 18.95 अंक की गिरावट के साथ 23,688.95 पर लगभग सपाट बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में गुरुवार को अस्थिरता देखने को मिली, क्योंकि एशिया-प्रशांत के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

एशियाई बाजारों में निवेशक चीन के दिसंबर मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे थे। निक्केई 0.49 फीसदी गिरा, टॉपिक्स इंडेक्स में 0.61 फीसदी की गिरावट रही और एएसएक्स 200 में 0.40 फीसदी की कमी दर्ज की गई। हालांकि, कोस्पी ने हल्की बढ़त के साथ कारोबार किया। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स ने मामूली बढ़त दर्ज की। फेडरल रिजर्व के मिनट्स से यह साफ हुआ कि नीति निर्माताओं को मुद्रास्फीति के जोखिम बढ़ने की चिंता है, जिससे नीतिगत ढील की गति धीमी होने की संभावना जताई जा रही है। एसएंडपी 500 में 0.16 फीसदी की बढ़त रही, डॉव जोन्स 0.25 फीसदी चढ़ा, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.06 फीसदी गिरकर बंद हुआ।

### रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 85.92 डॉलर

अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे की गिरावट के साथ 85.92 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इसके साथ ही रुपये में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी बॉण्ड पर अधिक प्रतिफल के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से अमेरिकी मुद्रा को बल मिला, जबकि घरेलू शेयर बाजारों में मंदी के कारण भी रुपये में और गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.94 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर खुला। शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 85.92 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे टूटकर 85.91 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# यशस्वी को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय में डेब्यू का मिल सकता है अवसर



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अब एकदिवसीय मैचों में डेब्यू का अवसर मिल सकता है। यशस्वी ने अब तक के प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने घरेलू धरती के अलावा विदेशी में भी जमकर रन बनाकर अपने को साबित किया है। यशस्वी ने जुलाई 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अभी तक टेस्ट और टी20 में ही खेला है पर अब उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एकदिवसीय खेलने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम को इसी माह 22 जनवरी से घरेलू धरती पर इंग्लैंड से पांच मैचों की टी20 और तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। एकदिवसीय सीरीज 6 फरवरी से शुरू होगी, जो 12 फरवरी तक चलेगी। जिसमें यशस्वी को अवसर मिलने की पूरी संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार यशस्वी को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बैकअप ओपनर के रूप में शामिल किये की संभावना है। ये भी संभावना है कि शुभमन और कप्तान रोहित शर्मा पारी की शुरुआत करें। 23 वर्षीय यशस्वी ने अब तक 19 टेस्ट में 52,88 की औसत से 1798 रन बनाए हैं। उन्होंने सबसे लंबे प्रारुप में चार शतक और 10 अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने अब तक भारतीय टीम की ओर से 23 टी20 मैचों में 36,15 की औसत से 723 रन बनाये हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### सचिन को नहीं जानती सुशीला मीना

**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गत दिनों एक छोटी सी लड़की सुशीला मीना की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उसका गेंदबाजी एक्शन जहीर खान जैसा है। इसके साथ ही सचिन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस लड़की के गेंदबाजी करने की वीडियो भी साझा की थी। इसके बाद से ही ये लड़की सोशल मीडिया पर छा गयी थी। वहीं जब इस लड़की सुशीला का कहना है कि वह किसी सचिन तेंदुलरक के बारे में नहीं जानती। सचिन के इस वीडियो को देखने के बाद ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने गत दिनों ही सुशीला को ट्रेनिंग के लिए गोद लेने का फैसला किया था। 12 साल की सुशीला राजस्थान के रामेर तालाब गांव की रहने वाली हैं और अभी 5वीं कक्षा में पढ़ रही हैं। उदयपुर के सांसद मन्नालाल रावत और विधायक कन्हैयालाल मीणा ने हाल ही में सुशीला के गांव का दौरा किया और उसके साथ ही उनके माता-पिता से भी बात की। रावत ने कहा कि सही तरह की कोचिंग से सुशीला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ राजस्थान को भी पहचान दिलाने की क्षमता रखती है। हाल ही में एक साक्षात्कार में सुशीला ने कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सचिन कौन हैं। उन्होंने कहा था कि मैं नहीं जानती कि तेंदुलकर कौन हैं। सुशीला ने यह भी कहा कि उनके घर पर टेलीविजन नहीं है और उसने कभी क्रिकेट मैच नहीं देखा है।

### यूएसए मे मेटा अपना फै ट चेकिंग प्रोग्राम करेगी बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड की पेरेंट कंपनी मेटा ने अमेरिका में अपने फैक्ट-चेकिंग प्रोग्राम को बंद करने की घोषणा की है। अपने इस फैसले के तहत मेटा अब अपने प्लेटफॉर्म पर किये गए पोस्ट के फैक्ट चेक के लिए किसी थर्ड पार्टी ऑर्गेनाइजेशन पर निर्भर नहीं रहेगी। इसकी जगह कंपनी यूजर द्वारा संचालित कम्युनिटी नोट्स प्रणाली को अपनाएगी, जो पहले से ही एक्स द्वारा लागू है। बता दें कि मेटा ने अपना फैक्ट चेकिंग प्रोग्राम साल 2016 में शुरू किया था। इसके तहत दुनिया के कई देशों में मेटा फेक न्यूज की पहचान करने वाले फैक्ट चेकर्स जैसे थर्ड पार्टी पर निर्भर थी। इसके बदले में मेटा उन्हें पैसे देता था। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि थर्ड पार्टी फैक्ट चेकर्स में कई खामियां देखने को मिलीं। उन्होंने कहा कि फैक्ट चेकर्स की भी अपनी कई खामियां हैं। वह किसी एक पक्ष के प्रति अधिक झुकाव रख सकते हैं। इसकी वजह से बहुत अधिक कॉन्टेंट फैक्ट चेकिंग के लिए सामने आ जाते हैं। अब हम फैक्ट चेकिंग को कम्युनिटी मॉडल पर केंद्रित करेंगे ।जकरबर्ग ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने फैक्ट चेकर्स को हटाने का फैसला राजनीतिक पूर्वाग्रह के चलते लिया।

# सोने का भाव 78,830 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 92,400 रुपए प्रति किलोग्राम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के सराफा बाजारों में सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है, जिससे खरीदारी के लिए लोगों को थोड़ा ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सोने की कीमतें मजबूत हुई हैं। मुंबई में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 78,830 रुपए पहुंच गई है, जबकि चांदी में हल्की नरमी देखने को मिली है, और इसका भाव 92,400 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। देश के विभिन्न शहरों में सोने के दाम अलग-अलग हैं। दिल्ली में 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 78,980 रुपए में मिल रहा है, जबकि लखनऊ में भी यही कीमत 78,980 रुपए है। बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और अहमदाबाद में भी सोने के दाम 78,830 रुपएसे 78,880 रुपएके बीच हैं। हर शहर में सोने की कीमत अलग क्यों होती है? इसका मुख्य कारण है राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए स्थानीय टैक्स। इन टैक्सों के कारण कीमतों में अंतर आता है। इसके अलावा सोने की कीमतों पर अंतर्राष्ट्रीय बाजार की गतिविधियां भी असर डालती हैं। लंदन ओटीसी स्पॉट मार्केट और कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स मार्केट जैसी प्रमुख वैश्विक व्यापारिक गतिविधियां भी सोने की कीमतों को प्रभावित करती हैं।

# रबाडा को डल्यूटीसी फाइनल में जीत की उमीद



**केपटाउन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मिली 10 विकेट की जीत से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को उम्मीद है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा देगी। रबाना ने कहा कि हम जानते हैं कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया पर कैसे जीत हासिल की जा सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही 2-0 से सीरीज जीती है।

मेजबान टीम ने इस सीरीज के पहले मैच में जीत के साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भी प्रवेश हासिल कर लिया है। रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अभी समय है पर इतने बड़े टूर्नामेंट के लिए हमेशा तैयार रहने की जरुरत होती है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया एक जैसा क्रिकेट खेलते हैं, इसलिए अच्छी प्रतिद्वंद्विता भी रहती है। हम हमेशा कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। टेस्ट क्रिकेट हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं। जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं जो पाक के खिलाफ सीरीज में दिखा है। पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका आईसीसी अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। उसके अब 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण टीम के कोच शुकरी कॉनराड अभ्यास के लिए आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# मार्क जुकरबर्ग ने वीडियो के जरिए मेटा के नए फैसले का किया ऐलान

## जुकरबर्ग के हाथ में बंधी लक्जरी घड़ी ने सबका ध्यान खींचा, 250 दिन में बनती है एक वॉच

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** सोशल मीडिया की दुनिया के मशहूर नाम और फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में एक वीडियो के माध्यम से मेटा के नए फैसले का ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका में मेटा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर थर्ड-पार्टी फैक्ट-चेकिंग को बंद कर दिया जाएगा। जुकरबर्ग ने इस कदम को स्वतंत्रता के समर्थन में उठाया है, खासकर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद। इस घोषणा के दौरान उनके हाथ में बांधी गई लग्ज़री घड़ी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस ग्रूबल फोर्सी हैंड मेड 1 वॉच की कीमत लगभग 9 लाख अमेरिकी डॉलर, अर्थात लगभग 7.5 करोड़ भारतीय रुपये है। यह घड़ी दुनिया की सबसे दुर्लभ और बारीकी से बनाई गई घड़ियों में से एक है। इसमें हर एक हिस्सा हाथ से तैयार किया जाता है, जिसमें सबसे जटिल हिस्सा हेरस्प्रिंग भी शामिल है। इसे बनाने में करीब 6,000 घंटे और 3 साल का समय लगता है। इसमें 272 अलग-अलग हिस्से हैं, जिन्हें हाथ से पूरी बारीकी से तैयार किया गया है। इसकी खासियतों में ग्राटे फिनिश, हाथ से पॉलिश किए गए किनारे और विशेष रूप से तैयार किए गए फ्लेम-ब्लू हैंड्स शामिल हैं। इसका केस व्हाइट गोल्ड से बना है और इसका पावर रिजर्व 60 घंटे तक है। यह 30 मीटर गहराई तक वॉटर-रेसिस्टेंट है और 2020 में बेस्ट मेन्स कॉम्प्लिकेशन वॉच का खिताब जीत चुकी है। गौरतलब है कि दुनिया की सबसे महंगी घड़ी ग्राफ डायमंड्स हॉलुसिनेशन है, जिसकी कीमत 55 मिलियन डॉलर, अर्थात लगभग 455 करोड़ भारतीय रुपये है। इस घड़ी के निर्माण में 110 कैरेट के रंग-बिरंगे दुर्लभ हीरों का इस्तेमाल हुआ है, जो अलग-अलग आकार और रंग में हैं। इसे प्लैटिनम ब्रेसलेट पर सेट किया गया है और इसे 2014 में ग्राफ डायमंड्स कंपनी ने पेश किया था।



# तीन खिलाड़ी आईसीसी के दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस और और दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज डेन पैटरसन को आईसीसी ने दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित किया है। भारतीय टीम के बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे अधिक 32 विकेट लिए। उनके सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से विकेट लिए। कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। कमिंस ने तीन



टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए हैं। कमिंस ने इसके अलावा बल्लेबाजी में भी 49 और 41 रन बनाये। ब्रिस्बेन और मेलबर्न में बुमराह ने 9-9 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी से ही भारतीय टीम अंत तक मैच में बनी रही। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दिलायी। पैटरसन ने दो टेस्ट में 16.92 की औसत से 13 विकेट लिए। पैटरसन ने श्रीलंका के खिलाफ 71 रन देकर पांच विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ 61 रन देकर 5 विकेट लिए।

# एससीजी जैसी कठिन पिच पहले नहीं देखी : स्मिथ



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने सिडनी (एससीजी) की पिच पर बल्लेबाजी करने को सबसे मुश्किल बताया है। स्मिथ ने कहा कि ऐसी कठिन पिच पर उन्होंने पहले कभी नहीं खेला था। सिडनी केवल एक रन की कमी से अपने 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाये। स्मिथ को इसके लिए सिडनी में 38 रन की जरूरत थी पर वह पहली पारी में 33 रन पर ही आउट हो गये थे। वहीं दूसरी पारी में वह चार रन बनाकर आउट हो गये थे। इस प्रकार वह एक रन की कमी से से टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे नहीं कर पाये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि मैं इस मैच में बेहद खतरनाक गेंद पर आउट हुआ, गेंद अचानक से उछल गयी थी। उन्होंने कहा कि 10 हजार टेस्ट रन तक नहीं पहुंचनने से वह निराश नहीं है क्योंकि टीम को मैच में जीत मिली। उन्होंने कहा कि यह एससीजी की सबसे कठिन पिच थी। गेंद को सीम से मदद मिल रही थी और यह काफी स्विंग हो रही थी। मैं पहले कभी एससीजी में इस तरह के विकेट पर नहीं खेला था। यहां बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय रूप से कठिन था। इस सीरीज में स्मिथ ने दो शतक लगाये हैं। उनका कहना है कि ये सीरीज काफी अच्छी रही। साथ ही कहा कि भारत एक अविश्वसनीय रुप से कठिन टीम है। हमें इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी का सामना करना पड़ा हालांकि अंत में परिणाम हमारे पक्ष में रहा।

# मोटर वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** देश में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच दोपहिया तथा यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा, 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई था। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा, वर्ष 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र तथा राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा। ''उन्होंने बताया कि कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल तथा मजबूत



ग्रामीण मांग ने वृद्धि को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं तथा बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रहीं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 इकाई रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 इकाई हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 इकाई थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 इकाई पर स्थिर रही। वहीं दिसंबर माह में फाडा के अनुसार मोटर वाहन क्षेत्र की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 17,56,419 इकाई रह गई।

दिसंबर 2023 में 14,54,353 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 18 प्रतिशत घटकर 11,97,742 इकाई रह गया। दिसंबर 2023 में 2,99,351 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री भी दो प्रतिशत घटकर 2,93,465 इकाई रह गई।

### भारत मोबिलिटी ग्लोबल एसपो में लॉन्च किया जाएगा क्रेटा ईवी

हुंडई मोटर्स के बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी क्रेटा ईवी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा। हुंडई क्रेटा ईवी में दो बैटरी विकल्प दिए गए हैं। पहला 42 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जो 390 किलोमीटर की रेंज देगा, और दूसरा 51.4 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जिसकी रेंज 473 किलोमीटर तक होगी। क्रेटा ईवी चार वेरिएंट्स एक्जीक्यूटिव, स्मार्ट, प्रीमियम और एक्सीलेंस में उपलब्ध होगी। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 7.9 सेकंड में पकड़ सकती है।

उपमुख्यमंत्री ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण की समीक्षा करते हुये कहा-

# ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य तेजी से पूरा कर मार्च तक बघवार व मई तक रामपुर नैकिन पहुंच जाएगी ट्रेन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पन्ना से सतना, गोविंदगढ़ से सीधी तथा सीधी से सिंगरौली तक रेलवे लाइन निर्माण की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास से ही क्षेत्र का विकास होगा। विन्ध्य क्षेत्र में विकास के लिए हाईवे एयरपोर्ट की सुविधा हो गई है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य पूरा होते ही पूरे विन्ध्य के विकास को गति मिलेगी। इसके माध्यम से रोजगार के अवसरों और औद्योगीकरण में तेजी से वृद्धि होगी। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण में भू अर्जन की सभी बाधाएं सात दिवस में दूर करके रेलवे को जमीन उपलब्ध कराएं। जिन स्थानों से गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों को विस्थापित किया जा रहा है उन्हें वैकल्पिक आवासीय भूमि देकर मकानों की व्यवस्था कराएं। कलेक्टर पूरी संवेदनशीलता के साथ विस्थापन की कार्यवाही पूरी करें। केवल मुआवजे के लिए रेलवे के लिए चिन्हित भूमि पर परिसम्पत्ति बनाने वालों पर कठोरता से कार्यवाही करें। रेलवे के निर्माण कार्य में अनुचित ढंग से बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी से सिंगरौली के बीच के निर्माण कार्यों के लिए रेलवे द्वारा वन विभाग में 17 करोड़ रुपए जमा करा दिए गए हैं। वन मण्डलाधिकारी 15 दिन की समय सीमा में रेलवे को विभागीय अनुमति जारी कराएं जिससे टेण्डर की कार्यवाही की जा सके। चुरहट के पास सोन नदी पर पुल तथा बहरी के पास गोपद नदी पर पुल एवं 17 प्रस्तावित सुरंगों का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। कलेक्टर सीधी भू अर्जन तथा मुआवजा वितरण के सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत कर दें। रेलवे के अधिकारी जमीन का अधिग्रहण मिलते ही तेजी से निर्माण कार्य शुरू कराएं। गोविंदगढ़ से रामपुर नैकिन तक की रेलवे लाइन का गर्मियों में उद्घाटन किया जाएगा। रीवा से सतना रेलवे लाइन के दोहरीकरण के शेष कार्य की बाधाएं कलेक्टर सतना दूर करें। भू अर्जन से प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा वितरित करके निर्माण की बाधाएं दूर कराकर कार्य शुरू कराएं।

बैठक में सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले में रेलवे द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी पूरा सहयोग कर रहे हैं। रेलवे लाइन का काम पूरा होते ही सीधी जिले का वर्षों का सपना पूरा हो जाएगा। सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा ने परियोजना का कार्य तेजी से कराने का सुझाव दिया। बैठक में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में भू अर्जन के सभी प्रकरण निराकृत कर दिए गए हैं। कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि मुआवजा वितरण का कार्य सात दिवस में पूरा कर लिया जाएगा। किसी भी स्थान में निर्माण कार्य में बाधा नहीं आएगी। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि सतना-रीवा दोहरीकरण के लिए शासन के निर्देशों के अनुसार एक माह में मुआवजा वितरित कर दिया जाएगा।

सतना से फुलवारी गांव तक कोई बाधा नहीं है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एमएस हाशमी ने बताया कि मार्च तक सीधी जिले के बघवार स्टेशन तक तथा मई तक रामपुर नैकिन स्टेशन तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। सिंगरौली जिले में बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह तथा रेलवे के अधिकारी जीएस मीणा, सुनील प्रजापति, आरके स्वाई, इन्द्रजीत वर्मा, मानसिंह मीणा उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला और अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नववर्ष कार्यकर्ता मिलन समारोह



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नववर्ष कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन सेमरिया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया। अध्यक्षता धीरज मिश्रा सीलोन युवा राष्ट्रीय सचिव रहे, बैठक संचालन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष शिवराम द्विवेदी ने की, इस बैठक राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस को और सक्रिय करने के लिए नई नियुक्ति की गई जिसमें आकाश शिवानी को युवा शहर अध्यक्ष, विष्णु सोनी को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, हरेश जायसवाल पटना खुर्द को प्रदेश सचिव तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया।

राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज मिश्रा सीलोन ने कहा की नव वर्ष मे संगठन को सक्रिय करने एवम् सतना को व्यवस्थित विकासशील जिला बनाने का संकल्प लिया, आज के समय में जो जिले की दयनीय स्तिथ है वो कही न कही जिला प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है, शहर की यातायात व्यवस्था को एक योजना के तहत क्रियान्वित किया जाए तो कई घटना होने से बचाया जा सकता है , आम जन की समस्या को संघर्ष, आन्दोलन, जन संपर्क के मध्य से निदान करवाया जा सके ,सभी पार्टी पदाधिकारी एवम् कार्यकताओं को उज्वल भविष्य की कामना के साथ बैठक का समापन किया गया,इस बैठक धीरज मिश्रा सीलोन राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव, शिवराम द्विवेदी जिलाध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी , राजकपूर वर्मा जिला उपाध्यक्ष एन सी पी, दुर्गेश विश्वकर्मा जिला महामंत्री एनसीपी, केशरी सिंह कार्यवाहक शहर अध्यक्ष एनसीपी, कमलेश अहिरवार जिलाअध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ, रुस्तम अली प्रदेश संगठन मंत्री अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, पुष्पेन्द्र दाहिया पूर्व संभागीय अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ, बलराम चौधरी उचेहरा ब्लॉक अध्यक्ष, आकाश शिवानी, विष्णु सोनी, हरेश जायसवाल सहित अन्य सदस्य रहे।

## महाकुंभ के लिए चित्रकूट से विशेष ट्रेन

### 14 जनवरी से 28 फरवरी तक होगा परिचालन, टिकट काउंटर अब यात्री शेड में



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए चित्रकूट रेलवे स्टेशन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्टेशन प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि 14 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए 10 जनवरी से ही दो जोड़ी रिंग ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ये ट्रेनें कानपुर, झांसी और बांदा होते हुए प्रयागराज तक जाएंगी और यह सेवा 28 फरवरी तक जारी रहेगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन परिसर में कई बदलाव किए गए हैं। टिकट काउंटर को सीधे यात्री शेड में स्थापित किया गया है, जिससे यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी न हो। पहले स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की भी योजना बनाई गई है।

रेलवे प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि वे श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने में पूरा सहयोग करें।

# नपाकर्मियों को लाठी-डंडों से पीटा

### पाइप लाइन की मरम्मत के दौरान विवाद हुआ, 4 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के नई बस्ती इलाके में शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे नगर निगम के कर्मचारियों पर 8-10 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, नपाकर्मी पानी की पाइप लाइन की लीकेज सुधारने गए थे। इसी दौरान पाइप लाइन की मरम्मत के लिए नाले का पानी बाहर निकाल रहे थे। तभी दो पड़ोसी में से एक को लगा कि विरोधी पक्ष ने जानबूझकर उसके घर की तरफ पानी फेंकवाया है। विवाद की यही वजह बताई जा रही है। घायल कर्मचारियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

दरअसल, कोलगवां थानाक्षेत्र में कर्मचारी पाइप लाइन की मरम्मत के लिए नाले का पानी बाहर निकाल रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है पूरा मामला दो पड़ोसियों की वजह से हुआ है। घटना में अमर कोरी (26), विजय सिंह (24), इरशाद कुरैशी (32) और राजकुमार बुनकर (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में तीन आरोपी की पहचान अनूप गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता और अमित कोल के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## मुख्यमंत्री ने वीसी से जनकल्याण अभियान के संबंध में दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जनकल्याण अभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान अब तक मिले 25 लाख 70 हजार आवेदनों में से 22 लाख 60 हजार आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। सभी कलेक्टर जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण कराएं। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के संबंध में प्राप्त आवेदन जनकल्याण के पोर्टल के साथ-साथ विभागीय पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। आगामी 12 जनवरी को शाजापुर से लाड़ली बहना योजना की राशि जारी की जाएगी। इसके साथ महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मकर संक्रांति में प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों में लाखों लोग स्नान करते हैं। नदी घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। इसी तरह 12 जनवरी को सभी जिलों में सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन कराएं। इसी दिन युवाशक्ति मिशन का भी शुभारंभ हो रहा है। प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप है। वृद्धाश्रम, रैनबसेरा तथा सार्वजनिक स्थलों में अलाव सहित ठण्ड से बचाव के उचित उपाय करें। कृषि विभाग किसानों को खेती की देखभाल तथा पाले से बचाव के संबंध में जागरूक करे। राजस्व महाभियान में पूरे प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान गांव में रास्ते के विवाद जैसे छोटे-छोटे मसले सुलझाएं। इस वर्ष किसानों को गत वर्ष की तुलना में खाद की आपूर्ति की गई है। प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। इसका समुचित वितरण सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के प्रकरण तत्काल स्वीकृत करके राहत राशि का समय पर वितरण कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों की ठीक ढंग से तैयारी कराएं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ ठण्ड के कारण स्कूल के समय में परिवर्तन करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करके आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वाले व्यक्तियों के लिए परिक्रमा मार्ग में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आगामी बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करें। इनमें कल्याणी बहनों तथा परित्यक्ता बहनों के भी विवाह कराएं। धान उपार्जन के संबंध में निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में 13 जनवरी तक वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। उपार्जित धान का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान दें।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 5 लाख 67 हजार किसानों से 36.89 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है।

# तार चोरी के आरोप में दो बच्चों की पिटाई

### मैहर में छोड़ने के लिए रोते रहे, लोगों ने वीडियो भी बनाया, पुलिस बोली-सख्त एक्शन लेंगे



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** मैहर जिले के अमरपाटन में दो बच्चों की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इसमे कुछ लोग बच्चों को गाली देते सुनाई दे रहे हैं। दोनों बच्चे रोते हुए उनसे छोड़ने की गुहार लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि तार चोरी के शक में कुछ लोग दोनों बच्चों को पकड़कर लाए थे। आरोपियों ने पिटाई का वीडियो भी बनाया।

वीडियो अमरपाटन के नेशनल हाईवे-30 पर बायपास के पास का बताया जा रहा है। हालांकि ये पता नहीं चला है कि घटना कब की है। दोनों बच्चों की उम्र 8 से 10 साल है। ये बच्चे अमरपाटन की पुरानी बस्ती के रहने वाले हैं।

**माता-पिता नहीं, बड़ी बहनों के साथ रहते हैं:** वीडियो सामने आने के बाद अमरपाटन पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लिया है। कुछ लोग इस मामले को लेकर एसडीओपी को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराने की भी तैयारी में है। बताया जा रहा है कि बच्चों के माता-पिता नहीं हैं। वे बड़ी बहनों के साथ रहते हैं। दोनों होटल पर काम करते हैं।

**पुलिस बोली- दोनों बच्चों को बुलाया है:** इस मामले में अमरपाटन के एसडीओपी एस के सिंह ने बताया कि दोनों बच्चों को बुलाया गया है। उनसे बातचीत के बाद आरोपियों की शिनाख्त की जाएगी। मामले में सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**लोगों ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम:** वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार सुबह से दोनों बच्चे घर से लापता हैं। एक तरफ जहां परिजन उनकी तलाश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ पुलिस भी उनके इंतजार में हैं। इस बीच, मुस्लिम समाज के लोगों ने अमरपाटन टीआई को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

## मौलाना के प्रयागराज वाले बयान पर धीरेंद्र शास्त्री का पलटवार

### आज का हिंदू पुराने जमाने का नहीं रहा, छेड़ने पर छोड़ेगा नहीं



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में एक निजी कार्यक्रम के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने शुक्रवार को आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के बयान पर पलटवार किया है। दरअसल, मौलाना रजवी ने प्रयागराज संगम की जमीन को वक्फ बोर्ड की बताया था। इस पर पंडित शास्त्री ने कहा- मुस्लिम समाज के मौलवियों को उनके खिलाफ फतवा जारी करना चाहिए। अगर फतवा जारी नहीं होता है, तो यह साफ है कि वे देश का विभाजन चाहते हैं।

बागेश्वर बाबा ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज का हिंदू पुराने जमाने का नहीं रहा, अब छेड़ने पर छोड़ेगा नहीं। बागेश्वर पीठाधीश्वर ने तोड़े गए मंदिरों के पुनर्निर्माण की भी वकालत की। उन्होंने कहा- श्रीराम मंदिर की तरह अन्य मंदिरों का भी संविधान के दायरे में और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सर्वे कराकर पुनर्निर्माण होना चाहिए।

# चित्रकूट ग्रामोदय विवि में नए कोर्स की तैयारी

### कौशल शिक्षा से लेकर कंप्यूटर साइंस तक के कोर्स शुरू होंगे, 8-12 फरवरी को ग्रामोदय महोत्सव





**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से कई नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू होंगे। इनमें कौशल शिक्षा, पर्यटन, हॉस्पिटलटी, महिला सशक्तिकरण, कैरियर गाइडेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र से लेकर पीजी डिग्री स्तर तक के होंगे।

कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कुलसचिव और अधिष्ठाताओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, यूजीसी और अन्य मान्यतादायी संस्थाओं के मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय को हाल ही में एनएएसी से ए++ ग्रेड मिला है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों को दिया जाने वाला सर्वोच्च ग्रेड है। कुलगुरू ने प्राध्यापकों को नए प्रोजेक्ट तैयार करने और विद्यार्थियों की अंक सूचियां डिजी लॉकर में अपलोड करने का निर्देश दिया।

विश्वविद्यालय 8 से 12 फरवरी के बीच पंच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का आयोजन करेगा, जिसमें विश्वविद्यालय की विशेषताओं का प्रदर्शन किया जाएगा और प्रतिभाशाली छात्रों को मंच प्रदान किया जाएगा।

## मैहर में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला 16 को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से मैहर जिले में 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर, सरला नगर रोड में एक दिवसीय युवा संगम मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पुरूष एवं महिला बेरोजगार आवेदक जो निर्धारित योग्यता पूरी करते हैं, अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्राकृतशील बायोटेक सतना एवं मैहर में सेल्स रिप्रजेन्टेटिव पद के लिए, एसएसआईएस सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर, एल एण्ड टी फायनेंस में फील्ड ऑफीसर, टाटा मोटर्स में आपरेटर, देवा इन्टर प्राइजेज में मल्टीपर्पस, मदरशन सूमि गांधीग्राम गुजरात में मशीन आपरेटर, पेटीएम में फील्ड सेल्स एक्जिक्यूटीव, एमाजॉन एवं जोमैटो मे डिलीवरी बॉय (पुरूष) तथा माडर्न वूलम्स भीलवाडा में मशीन आपरेटर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, परिस्नातक, इंजी. बीटेक, आईटीआई एनसीवीटी एवं एससीवीटी उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं।

## स्कूटी और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

### एक गंभीर घायल, स्कूटी से सीतापुर की ओर जा रहे थे



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट के पर्यटक तिराहा, सीतापुर पर गुरुवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। चितरा गोकुलपुर गांव निवासी आनंद गुप्ता अपनी स्कूटी से सीतापुर की ओर जा रहे थे, सामने से आ रही बाइक से उनकी जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में आनंद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल ओम प्रकाश को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। मृतक आनंद गुप्ता सीमेंट की दुकान में काम करते थे और अपने परिवार का मुख्य सहारा थे। कुछ समय पहले ही उनके बड़े भाई की सर्पदंश से मृत्यु हुई थी। इस दुखद घटना से परिवार में मां ललिता और दोनों बहनें शोक में डूबी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।